# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 232 । भोपाल, मंगलवार 22 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर पृष्ठ 2
▪ लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी पृष्ठ 4
▪ हर दिन लगते जाम और दुर्घटनाओं के बाद भी यातायात में नहीं सुधार पृष्ठ 6
दतिया में 19 सीटर विमान उतरेंगे पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आज सागर में जनसभा को करेंगे संबोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को प्रदेश प्रवास पर आ रहे हैं, वे सागर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार 22 अगस्त को पूर्वान्ह पौने 11 बजे वायुयान से भोपाल आएंगे। श्री खड़गे और कमलनाथ पूर्वान्ह 11 बजे भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा सागर के लिए रवाना होकर पूर्वान्ह 11.45 बजे सागर पहुंचेंगे। वह इसके बाद सड़क मार्ग से दोपहर 12 बजे सागर के कजलीवन मैदान पहुंचेंगे, जहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री खड़गे और कमलनाथ दोपहर 1.30 बजे सागर से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर सवा 2 बजे भोपाल लौट आएंगे।

### राज्यसभा में 9 नए सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित नौ सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

इन सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी के एस. जयशंकर, नगेंद्र राय, केसरी देव सिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबू भाई जयसंगभाई देसाई तथा तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, सुखेंदू शेखर राय, डोला सेन, प्रकाश चिक बारीक और सामीरुल इस्लाम शामिल है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने जूता फेंका

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंका। युवक को सपाइयों ने खूब पीटा। पुलिस युवक को पकड़कर ले गई। हमले में स्वामी प्रसाद मौर्य बाल-बाल बच गए। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। स्वामी सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

### बीएसएफ ने 29 किलो हेरोइन बरामद की, 2 गिरफ्तार

**फिरोजपुर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ) के साथ सांझे आपरेशन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े से 29. 2 किलाग्राम हेरोइन के 26 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान मुहम्मद अजमल रियान निवासी गाँव कंगणपुर ज़िला कसूर, पाकिस्तान और सिवना निवासी गाँव अलीपुर, जिला कसूर, पाकिस्तान के तौर पर हुई है।

### हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के लकड़ीकापुल में स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के विद्या स्वयंसेवकों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रघुनंदन राव को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

यह प्रदर्शन विद्या स्वयंसेवकों के पदों के नवीनीकरण की मांग को लेकर किया। विद्या स्वयंसेवकों ने अपने अनुबंध के नवीनीकरण और तीन महीने के लंबित वेतन के निपटान के लिए स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के सामने सड़क पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक विधायक रघुनंदन राव विद्या स्वयंसेवकों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और विद्या स्वयंसेवकों के बीच हुई बहस से तनाव बढ़ गया। इस बीच पुलिस ने रघुनंदन राव को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें नामपल्ली पुलिस थाना ले जाया गया।

चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने किया चंद्रयान 3 का स्वागत

# चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में कल उतरेगा चंद्रयान-3



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग करने जा रहे चंद्रयान-3 का सोमवार को चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से स्वागत किया।

इसरो ने एक्स पर प्रेषित किए संदेश में कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा, चंद्रयान -3 मिशन 'आपका स्वागत है, दोस्त। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए अधिक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान -2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब तकनीकी खराबी के कारण लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

यह मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा था। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 यान 23अगस्त को 1804 बजे चंद्रमा पर उतरेगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने रविवार सुबह लैंडिंग मॉड्यूल का दूसरी और अंतिम बार गति कम करने के लिए डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि स्तह उतरने पर रोवर को चंद्रमा पर यथास्थन प्रयोग करने के लिए लैंडिंग मॉड्यूल से बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने बताया है कि दूसरा डीबूस्टिंग अभियान रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और लैंडिंग मॉड्यूल निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा और 23 अगस्त को संचालित लैंडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इसरो ने कहा, मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा।

### चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें ली

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को चंद्रयान-3 द्वारा चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने से पहले चंद्रमा के इसके सुदूर हिस्से की तस्वीरें जारी कीं। इसरो ने कहा कि ये तस्वीरें लैंडर हैज़र्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई हैं। इसरो ने एलएचडीएसी द्वारा ली गई सभी चार तस्वीरों को जारी किया है। यह कैमरा, लैंडिंग के दौरान पत्थरों या गहरी खाई के बिना एक सुरक्षित लैंडिंग क्षेत्र का पता लगाने में सहायता करता है, इसरो ने अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), बेंगलुरु में विकसित किया है। एसएसी, इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है जो इसरो के अभियानों के लिए अंतरिक्ष उपकरणों का डिजाइन एवं सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों का विकास और संचालन पर केंद्रित है। अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नेविगेशन, आपदा निगरानी, मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान, पर्यावरण निगरानी और प्राकृतिक संसाधन सर्वेक्षण आदि शामिल हैं।

### अंतरिक्ष में कृत्रिम मेधा रोबोट भेजेगा इसरो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नयी तकनीक और नयी प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

मेडिकल कमीशन चिकित्सकों पर हुआ सख्त

# फार्मास्युटिकल कंपनियों की पार्टी में जाने पर लगी रोक

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने देश भर के चिकित्सकों के नए नियम जारी कर दिए हैं। जिसके चलते चिकित्सक अब फार्मास्युटिकल के कंपनियों कॉकटेल,डिनर व पंच सितारा होटलों में होने वाले सेमिनार में नहीं जा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनका लाइसेंस तीन महीने तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।

**जेनरिक दवाओं का चिकित्सक कर रहे विरोध**

एनएमसी द्वारा जारी नए नियमों के तहत अब सिर्फ चिकित्सक ही नहीं उनके परिवार के सदस्य भी फार्मास्युटिकल कंपनियों से परामर्श शुल्क या मानदेय नहीं ले सकते हैं। यहां तक की किसी भी तरह का गिफ्ट या उपहार भी लेने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा चिकित्सकों को सिर्फ जेनरिक दवाएं लिखने को कहा गया है। सा ही पर्चा पर ऐसी हैंडराइटिंग में दवाओं का नाम लिखना होगा,जिसको आम आदमी से पढ़ सके। नए आदेश के साथ ही इनका विरोध भी शुरू हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आइएमए) ने कहा है कि जेनेरिक दवाओं से मरीजों की देखभाल पर असर पड़ेगा। ऐसे में वे इस नए फैसले से सहमत नहीं हैं। आइएमए ने कहाकि अगर सरकार चाहती है कि चिकित्सक जेनेरिक दवाएं लिखें तो उनको चाहिए कि दवा कंपनियों को पहले निर्देश दें कि बिना ब्रांड के नाम के साथ दवा बनाएं। जब ब्रांड का नाम नहीं रहेगा तो कोई दिक्कत नहीं होगी। फिलहाल इस तरह का नियम पहली बार जारी नहीं किया गया है। 2010 मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी चिकित्सकों के गिफ्ट लेने पर रोक लगा दी थी। जिसमें बाद में राहत देते हुए एक हजार तक के गिफ्ट को स्वीकार करने की अनुमति दे दी थी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती पर राज्य सरकार को दी बधाई, कहा-

# शिक्षकों पर भावी पीढ़ी को नई दिशा देने की जिम्मेदारी है





### मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिक्षकों पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप सभी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं, आगे भी आप सीखते रहने की प्रवृत्ति जारी रखें। सरकार ने ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म तैयार किया है। शिक्षकगण इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास करें। वह नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 5 सौ से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पिछले 3 वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, इन तीनों ही स्तरों पर दूरगामी नीति और निर्णय के साथ अनेक वित्तीय पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 5 साल के भीतर ही भारत में साढ़े 13 करोड़ भारतीय, गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। इस वर्ष फाइल होने वाली इनकम टैक्स रिटर्न की संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। आईटीआर के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2014 में जो औसत आय करीब 4 लाख रुपए थी, वह वर्ष 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज ▪ शेष पृष्ठ 8 पर


### शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता मेरा दायित्व: शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियां हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरु का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरु का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरु वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने अपने शिक्षक रतनचंद्र जैन का स्मरण करते हुए कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूँ, उसका सम्पूर्ण श्रेय मेरे गुरु श्री जैन को है। उन्होंने सीमित संसाधनों में हमारी क्षमताओं को निखारा। शिक्षक के रूप में संचित ज्ञान आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करना, उन्हें कौशल और नागरिकता के संस्कार ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने 28 सप्ताह के भ्रूण को गिराने की दी इजाजत

# दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की मिली अनुमति

- स्वत: संज्ञान लेकर की 'विशेष सुनवाई'
- पहले हाई कोर्ट पहुंचीं थी पीड़िता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है।

शीर्ष न्यायालय ने शनिवार को इस मामले में (दुषकर्म पीड़िता की) गर्भपात कराने की याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि की तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले का स्वत: संज्ञान लेकर 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूष को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच के एक अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा था कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। वकील ने कहा था कि हालांकि, मामला सात अगस्त को दायर किया गया था और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने यह भी कहा था कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

बिहार में जातिगत सर्वे पर सर्वोच्च अदालत की अहम टिप्पणी

### ठोस आधार के बिना नहीं लगाएंगे रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं लगाएगा जब तक कि वे (याचिकाकर्ता) इसके खिलाफ प्रथम दृष्टया ठोस आधार नहीं देते। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इस मुद्दे पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि सर्वेक्षण के कुछ परिणाम हो सकते हैं। मेहता ने कहा, हम इस तरफ या उस तरफ नहीं हैं, लेकिन इस कवायद के कुछ परिणाम हो सकते हैं और इसलिए हम अपना जवाब दाखिल करना चाहेंगे। हालांकि, उन्होंने संभावित परिणामों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। हाई कोर्ट के एक ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

**केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब**

बीआरएस ने 115 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए

# 2 सीटों से चुनाव लड़ेंगे केसीआर



**हैदराबाद देशबन्धु।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इस वर्ष के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 115 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की।

बीआरएस सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तेलंगाना भवन में उम्मीदवारों की सूची जारी की। वह स्वयं दो निर्वाचन क्षेत्रों- कामारेड्डी और गजवेल से चुनाव लड़ेंगे। श्री राव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 119 सदस्यीय विधानसभा की 115 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं तथा शेष चार निर्वाचन क्षेत्रों नरसापुर, नामपल्ली, गोशामहल और जनगांव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से केवल सात मौजूदा उम्मीदवारों को टिकट से वंचित किया गया तथा बोथ, खानापुर, वायरा, कोरुतला, उप्पल, आसिफाबाद और वेमुलावाड़ा सीटों पर प्रत्याशी बदले गये हैं। उन्होंने कहा , हम वारंगल में अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे, जहां 16 अक्टूबर को पार्टी की विशाल रैली आयोजित की जायेगी।' उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी चुनाव में 95 से 105 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर

- रेलवे और बैंक दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे
- सभी विभागों में 1,15,203 शिकायतें मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ आईं हैं।

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद रेलवे और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं। इनमें से 85,437 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है जबकि बाकी बची 29,766 शिकायतें लंबित हैं। इनमें से 22,034 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। एक अधिकारी ने कहा कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की है, जो संस्था की दूरस्थ शाखा के रूप में कार्य करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां गृह मंत्रालय को उसके अधिकारियों के खिलाफ 46,643 शिकायतें मिलीं, वहीं रेलवे को 10,580 शिकायतें और बैंकों को 8,129 शिकायतें मिलीं।

### 23,919 शिकायतों का हुआ निपटारा

रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय के कर्मियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से 23,919 का निपटान कर दिया गया और 22,724 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से 19,198 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने 9,663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें लंबित हैं, जिनमें 9 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। बैंकों ने भ्रष्टाचार की 7,762 शिकायतों का निपटारा किया, 367 लंबित थीं, जिनमें 78 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली के कर्मियों के खिलाफ 7,370 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6,804 शिकायतों का निपटान हो गया और 566 शिकायतें लंबित रहीं जिनमें से 18 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली शहरी कला आयोग, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड, एनबीसीसी और एनसीआर योजना बोर्ड के कर्मियों के खिलाफ 4,710 शिकायतें दर्ज की गईं।

## सार समाचार

### जिला पेंशन फोरम की बैठक का आयोजन 25 को

**गुना, देशबन्धु।** जिला पेंशन अधिकारी द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर के जनसुनवाई कक्ष में सायं 4 बजे एडीएम मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं फोरम के पदेन सचिव जिला पेंशन अधिकारी व समस्त फोरम सदस्यों की उपस्थिति में पेंशन फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभाग प्रमुख सहित पेंशनर संघ व पेंशनर एसोसिएशन की उपस्थिति में पेंशनरों प्रकरणों में आ रही समस्याओं एवं लंबित पेंशन प्रकरण के संबंध में चर्चा की जावेगी। बैठक में लिये गये निर्णयों का शीघ्र निराकरण किये जाने के प्रयास किए जाएंगे।

### आरोन पुलिस ने पकड़े 7 जुआरी

**गुना, देशबन्धु।** जिले की आरोन पुलिस द्वारा जुए के फड़ पर दविश देकर 7 जुआरियों को पकड़ा है। जिनके पास से 7250 रुपए नगदी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मोहरी में जुए का फड चल रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर ललित पुत्र मदनमोहन शर्मा निवासी नारायण कॉलोनी आरोन, 2-अजय पुत्र गणेश शर्मा निवासी गौड़ मौहल्ला आरोन, कृष्ण पुत्र नीरज शर्मा निवासी गौड़ मौहल्ला आरोन, मोनू पुत्र हरवीर सिंह रघुवंशी निवासी वायपास कॉलोनी आरोन, नरेन्द्र पुत्र लक्ष्मण सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम भौंरा थाना आरोन हाल सांई विहार कॉलोनी आरोन, राकेश पुत्र दातार सिंह धाकड़ निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना आरोन एवं देवेन्द्र पुत्र पुष्कर शर्मा निवासी ग्राम बनवीरखेड़ी थाना आरोन हाल इंद्रा पार्क आरोन को पकड़ा। जिन पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

### मंडी में हम्माल, तुलवाटियों ने की मजदूरी बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**गुना, देशबन्धु।** मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी में एक बार फिर हम्माल एवं तुलावटी आंदोलन की राह पर है। सोमवार को कृषि उपज मंडी हम्माल तुलावटी संघ के बैनरतले मंडी के हम्माल एवं तुलावटियों ने मंडी सचिव को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि हम्माल, तुलावटियों की मजदूरी में बढ़ोत्तरी काफी समय से नहीं हुई है। जिसके कारण दिन प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई में उनका गुजारा मुश्किल से हो रहा है।

ऐसे में मजदूरी दर वृद्धि शीघ्र की जाएं। इसके अलावा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के ट्रेड वर्ष पुराने आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएं। जिसमें कह गया है कि अंतर्राष्ट्रीय आदर्श श्रम मानकों के मुताबिक हम्माल से 50 किलो से ज्यादा का वजन बोरा न उठवाया जाएं। तय मानकों से अधिक वजन उठाने के कारण प्राय~ सभी हम्माल, तुलावटियों में कमर, घुटने का दर्द रहता है। इसके अलावा प्राय~ हम्माल, तुलावटी किसी ना किसी बीमारी से संक्रमण रोगों से पीड़ित रहते हैं। अत: नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा जांच शिविर लगाएं जाएं। ज्ञापन में मांग की गई कि हम्माल, तुलावटियों का दुर्घटना, सामान्य जीवन बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाएं। जिससे अचानक जीवन हानि की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।

### कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में लंबित पत्रों की विभागवार की समीक्षा

# लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित समस्त एसडीएम एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम समय-सीमा के लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान प्रभारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के सभी छात्रों को छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रोफाईल कंपलीट न होने के कारण अनुसविधा हो रही है, ऐसे सभी छात्रों के लिए ई-गवर्नेंस, लोक सेवा केंद्र एवं तहसीलदारों से समन्वय कर प्रोफाईल कम्पलीट करने के लिये अभियान के रूप में ब्लाक स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दिव्यांग शिक्षकों से संबंधित दिव्यांग प्रमाण-पत्रों की जांच एवं कार्यवाही यदि शत-प्रतिशत हो गयी है तो उसका अगले सप्ताह तक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वीप गतिविधि अंतर्गत कचरा वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जावे।

इसी प्रकार विभिन्न आयोगों, सीएम निवास से प्राप्त पत्रों का निराकरण शीघ्र कराया जावे एवं सीएम एवं सीएस मॉनिट से संबंधित लंबित पत्रों का निराकरण प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान विगत समय सीमा बैठक के कार्यवाही विवरण पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। इस दौरान सीएम हेल्प लाईन में लंबित प्रकरणों को विभाग प्रमुख प्राथमिता से देखें। लंबित शिकायतों का निराकरण करने की जिम्मेदारी विभाग प्रमुख की है। यदि सीएम हेल्प लाईन में प्रगति संतोषजनक नही रहती है, तो उन विभाग प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जायेंगे। इसी प्रकार विगत सप्ताह जिन कार्यालय प्रमुख द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया है, उनकी जानकारी प्राप्त की एवं ऐसे अधिकारी जो अभी तक क्षेत्र में भ्रमण नही करने गये हैं, वह शीघ्र ही भ्रमण करने जायें और प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

बैठक के अंत में अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। आगामी 22 अगस्त तारीख को आयोजित ''मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना'' से संबंधित कार्यक्रम हैं, उसमें बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जावे। इसी प्रकार दिनांक 23 अगस्त को शिक्षा विभाग के माध्यम से 91 छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसकी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गये। ''मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना'' से संबंधित लंबित डीबीटी का कार्य 31 अगस्त तक करना सुनिश्चित करें।

**लंबित समय सीमा पत्रों के निराकरण के दिए निर्देश :** बैठक के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित लंबित समय सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गयी और निराकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में कब्जा, सीमांकन, नक्शा दुरूस्तीकरण, आर्थिक सहायता एवं जनसुनवाई से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## फरियादी ने कहा, शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे हम पर ही कर दी एफआईआर

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत दो भाईयों ने कैंट पुलिस पर उनकी शिकायत दर्ज नहीं कराने एवं उल्टी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की शिकायत की है। इस संबंध में फरियादी दोनों भाईयों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न सिर्फ मामले की जांच कराने की मांग की। बल्कि 15 अगस्त के दिन के सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक के थाने के सीसीटीव्ही फुटेज सुरक्षित कराने की मांग की है। जिसमें फरियादी पुलिस के समक्ष मदद मांग रहा था जबकि पुलिस उसे दुत्कार रही थी। एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित धर्मस्वरूप सेन, मनमोहन सेन एवं चंद्रमोहन सेन ने बताया कि उनके खेत पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इस संबंध में वह 15 अगस्त को कैंट थाने में शिकायत लेकर गए थे। लेकिन यहां पुलिस ने कोई मदद करना तो दूर उनकी गुहार तक नहीं सुनी। इस बीच खेत पर मौजूद उनके भाई पर आरोपीगण गोविंद, सेवाराम, भूरा आदि ने ट्रेक्टर चढ़ा दिया। जो मारपीट में जो भी बचाने आया आरोपियों ने उसके साथ भी बेरहमी दिखाई। घटना के समय थाने में मौजूद फरियादी का भाई पुलिस से मदद की गुहार लगाता रहा। लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं की। उल्टे एक पुलिस अधिकारी ने आरोपियों को फोन लगाकर थाने बुलाकर उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी। फरियादी के अनुसार पूर्व में भी आरोपियों ने जुलाई माह में उनके भाई के साथ मारपीट की थी। जिसमें भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी को दिए आवेदन में फरियादियों ने आरोपी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## चांचौड़ा में टिकट की जंग, जन्मदिन पर ममता मीना ने भरी हुंकार



**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद भाजपा नेता ममता मीना की नाराजगी लगातार सामने आ रही है। अब अपने जन्मदिवस पर सोमवार को ममता मीना ने कार्यकर्ताओं को लामबंद कर राजनीतिक ताकत का शक्ति प्रदर्शन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं के बीच भावुक अंदाज में ममता मीना ने कहा कि यह वर्षों से पार्टी की दरी-चादर उठाने वाले कार्यकर्ताओं का अपमान है। चांचौड़ा विधानसभा सीट पर पैराशूट से प्रत्याशी उतारा गया है। मेरे साथ धोखा किया गया है। कार्यकर्ता कहेंगे तो चुनाव लडूंगी। कार्यकर्ता कहेंगे तो राजनीति से सन्यास ले लूंगी, घर बैठ जाऊंगी और अगर कार्यकर्ता कहेंगे तो जीवन से ही संन्यास ले लूंगी। जो कार्यकर्ता कहेंगे, वह निर्णय लूंगी। इसके पूर्व ममता मीना के पति पूर्व आईपीएस रघुवीर सिंह मीना एवं बेटा आकाश मीना भी सोशल मीडिया पर टिकट को लेकर अपनी चेतावदी दे चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि चांचौड़ा सहित प्रदेशभर में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी होते ही भारी बगावत देखने को मिल रही है। चांचौड़ा विधानसभा से पार्टी ने इस बार प्रियंका मीना को टिकट दिया है परंतु पूर्व विधायक ममता मीना ने पार्टी के इस फैसले के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। उनके सुपुत्र ने लिखा है कि, चांचौड़ा में ममता मीना जी को टिकट नहीं, तो चांचौड़ा में बीजेपी नहीं। माना जा रहा है कि यह पूर्व विधायक ममता मीना की अनुमति के बाद लिखा गया है। इस दौरान ममता मीना ने कहा कि कार्यकर्ताओं की रायशुमारी नहीं हुई। मंडल अध्यक्षों से भी नहीं पूछा गया। जिनको (प्रियंका मीणा) टिकट दिया गया है, वे जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हारीं, देवर भी हारे। ऊपर से टिकट हो गया। यह फॉर्मूला नहीं चलेगा। कार्यकर्ता जो कहेंगे, वही करूंगी।

## दुष्कर्म, दहेज प्रताड़ना और पुलिस पार्टी पर हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** जिले की बीनागंज पुलिस चौकी द्वारा बलात्कार व दहेज एक्ट के मामले में करीबन 16 माह से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी सहित पुलिस पार्टी पर हमले के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के थाने में दर्ज धारा 376(2)(एन), 498ए, 506 का मुख्य आरोपी कृष्णा शर्मा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं 9 नवम्बर 2022 को चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा कंजर में अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही के दौरान दविश टीमों पर जान से मारने की नियत से हमला करने वाले शराब माफिया दीपू उर्फ दीपक कंजर पुत्र भारत सिंह कंजर निवासी ग्राम भानपुरा कंजर को भी गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया।

इसी तरह धरनावदा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग का अपहरण कर उससे दुष्कर्म के मामले में फरार दस हजार रुपए के इनामी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिग पीड़िता द्वारा धरनावदा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 13 अप्रेल 2023 की रात को उसका परिचित चीगू पुत्र स्व. जोरावर पारदी निवासी ग्राम कनेरी थाना धरनावदा हाल उज्जैन उससे शादी का झांसा देकर एवं बहला-फुसलाकर अपने साथ उसे उज्जैन ले गया और जहां पर दो दिन तक अपने घर पर रखा। इस दौरान पीड़िता द्वारा अपने साथ कोई गलत नहीं बताया । जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी चीगू पारदी के विरूद्ध थाना धरनावदा में अप.क्र. 147/23 धारा 363, 366 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान पीडित किशोरी की प्राप्त मेडीकल रिपोर्ट में किशोरी के साथ बलात्कार होने की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 376(3) भादवि एवं 3/4 पास्को एक्ट इजाफा किया था। इस मामले में फरार दस हजार रुपए का ईनामी आरोपी चीगू पारदी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया गया। इसके अलावा धरनावदा पुलिस ने ही पुलिस पार्टी पर हमले के मामले सहित दो स्थाई वारंटों में फरार वारंटी तथा एक महिला स्थाई वारंटिया को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी विशाल पुत्र कनकन पारदी निवासी ग्राम कनेरा थाना धरनावदा एवं हसीना बाई पत्नि जोरावर पारदी के खिलाफ वारंटी जारी थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### पीएम स्वनिधि योजना में सुस्ती पर सभी सीएमओ को कलेक्टर ने थमाएं नोटिस

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा नगर पालिका, परिषद में संचालित कार्य, योजनाओं की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री आवास के लिए हितग्राहियों द्वारा जो आवेदन दिये जा रहे हैं, उनको पंजीबद्ध की जावे एवं इसकी एक पंजी संधारित की जावे और डीपीआर में सम्मिलित किये जावे। जैसे ही शासन के निर्देश प्राप्त होते हैं आगामी कार्यवाही प्रारंभ करें। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना में राघौगढ़ में सबसे अधिक अप्रारंभ कार्य हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाये। इसी प्रकार अन्य निकायों में भी अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्य हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ एवं पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान पीएम आवास एएचपी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की गयी। पीएम स्वनिधि योजना की स्वीकृति, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की वितरण की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी और प्रभारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को निर्देशित किया गया कि सभी सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किये जावें।

बैठक के दौरान गुना में संचालित अमृत सीवर परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि शहर में सीवर लाईन की खुदाई के दौरान जहां सडक़ खराब हो गयी है, उनकी मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाए।

## नागपंचमी पर भोलेनाथ और नाग देवता की पूजा अर्चना



**गुना, देशबन्धु।** शहर में आज नाग पंचमी का त्यौहार पूर्ण श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों को अपने घरों पर आए नाग देवता की पूजा करते हुए देखा गया। श्रद्धालुओं ने नाग देवता को दूध पिला कर सपेरों को दक्षिणा देकर अपने शहर, समाज और परिवार के मंगल की कामना की। उधर नगर के चौरसिया समाज द्वारा आज परंपरा अनुसार नागपंचमी चौरसिया दिवस मनाया गया। चौरसिया समाज ने उधर शहर भर में सुबह से ही सपेरों द्वारा बीन बजाकर घर-घर नाग देवता के दर्शन कराते हुए नाग पंचमी का त्यौहार मनाया। लोगों ने भी नाग देवता के दर्शन करके उन्हें दूध पिलाया और सपेरों को दक्षिणा एवं वस्त्र दान करके अपने घर परिवार की सुख शांति की मंगल कामना की।

इस अवसर पर लोगों ने सावन सोमवार व्रत रखकर नाग पंचमी पर नागदेवता के प्रमुख स्थानों पर पूजा अर्चना की। इस दौरान सुबह से ही शिव मंदिरों पर भारी भीड़ रही। श्रवण मास के सातवें सोमवार को हनुमान चौराहा मंदिर, जयस्तंभ चौराहा मंदिर, जाटपुरा मंदिर, अस्पताल परिसर सहित अन्य शिव मंदिरों को सजाया गया। सभी शिव मंदिर पर तडक़े से ही शिवभक्तों की कतार लगी हुई है। नागपंचमी पर घरों में भी नागदेवता का पूजन किया जाता है।

### चौरसिया समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

इधर नागपंचमी चौरसिया समाज द्वारा चौरसिया दिवस के रूप में मनाई जाती है। चौरसिया युवा संगठन के अक्षय चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज गुना द्वारा नागपंचमी पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी समाजजनों बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

चल समारोह शहर के पुराने आरटीओ परिसर स्थित श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पर सुबह 7 बजे भगवान महादेव व नागदेवता का जलाभिषेक हुआ, तपरांत श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर से समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया, यह चल समारोह शहर के जयस्तंभ चौराहे से होते हुए निचला बाजार, सदर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहे से पवन श्री मांगलिक भवन पर पहुच कर चल समारोह का समापन हुआ। इसके बाद पवन श्री मांगलिक भवन में समाज के कार्यक्रम आयोजित हुए और सभी समाजजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### कांग्रेस ने किया पौधारोपण, वृक्ष मित्रों का हुआ सम्मान

**गुना, देशबन्धु।** राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेस द्वारा पौधरोपण एवं वृक्ष मित्र सम्मान स्मृति वन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ रहे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा, अशोक पलिया द्वारा समस्त कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, सामाजिक कार्यकर्ताओं का मीडिया एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पराग शर्मा ने करते हुए कहा कि मैं हमेशा यही प्रयास करता रहता हूं गुना पर्यावरण की दृष्टि में सुंदर हो। वहीं गुनिया नदी एक सफल एवं सुंदर और विस्तार रूप ले। इसमें आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा तो यह कार्य सफल होगा। जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने कहा कि मैं हमेशा सामाजिक कार्यों में उपस्थित रहूंगा और जो भी सहयोग रहेगा हमेशा करूंगा। इस मौके पर ओपी अग्रवाल, अशोक दहीभाते, राकेश मिश्रा, मुरारी शर्मा, पृथ्वी शर्मा, उधम सिंह, सूरज सहरिया, डॉ. पुष्पराग शर्मा, विकास भार्गव, गोपाल शर्मा, सीमा यादव, शशि अहिरवार, बिंदु सिंह, रमा सोनी, नरेंद्र सोनकर, कन्हैया राम अहिरवार, सर्जन सिंह शिल्पकार, हर्ष मेर, अशोक पलिया, शिवराम सूर्या सहित समस्त वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## दहेज, मांसाहार मुक्त महाअभियान मे शामिल हुए परिवार का हुआ सम्मान



सीहोर, देशबन्धु। समाज मे बिन दहेज विवाह हो इसी उददेश्य को लेकर पिछले 3 साल से भोपाल सहित अन्य जिलो मे चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभी तक हजारो की संख्या मे लोग अभियान से जुड़ चुके है। अभियान से कायस्थ समाज ही नही बल्कि अन्य समाज के लोग भी बढ चढ कर समर्थन कर रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को कोलार डीके हनी होम्स कालोनी मे अभियान समर्थक श्रीमती राधा अरविंद श्रीवास्तव के घर पर चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए है। कायस्थ बंधु पत्रिका समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सभी को महा अभियान मे शामिल होने पर पीले गमछे पहनाकर सम्मान मे चित्रगुप्त भगवान् की तस्वीर के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

## डाक विभाग द्वारा जारी किया गया विशेष राखी लिफाफा



**गुना, देशबन्धु।** इस साल रक्षाबंधन का पर्व 31 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके लिए डाक विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। डाक विभाग ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के त्योहार राखी पर एक विशेष पहल शुरू की है। डाक विभाग ने वाटर प्रुफ लिफाफा जारी किया है जो भीगने पर भी राखी को सुरक्षित रखेगा। यह लिफाफा अन्य लिफाफों से अलग है जिससे डाकिये को इस लिफाफे को पहचाने में दिक्कत नहीं होगी और रक्षा बंधन के पावन पर्व से पहले देश- विदेश में राखी समय पर पहुंच सकेगी। डाक अधीक्षक गुना संभाग विनय श्रीवास्तव ने लिफाफा जाती करते हुए बताया कि डाक वस्तु भंडार भोपाल के द्वारा स्पेशल वॉटरप्रुफ लिफाफे प्रधान डाकघर को भेजे गए हैं, ताकि रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनें अपने भाई को बरसात के मौसम में राखी सुरक्षित भेज सकें। इस खास लिफाफा के लिए डाक विभाग सिर्फ दस रुपये शुल्क ले रहा है। वाटरप्रुफ लिफाफे के बाएं हिस्से के ऊपरी भाग में भारतीय डाक के लोगों और रक्षाबंधन की डिजायन के साथ अंग्रेजी में राखी लिफाफा और नीचे दाहिने तरफ 'हैप्पी राखी' लिखा गया है । अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि लिफाफे की मदद से बहने देश-विदेश तक अपने भाइयों को राखी भेज सकती है । जिससे बारिश के मौसम में भी राखियां प्रभावित नहीं होंगी और बहनों की राखियां सुदूर रहने वाले भाइयों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगी। राखी भेजने के लिए भी डाक विभाग के द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। राखी मेल को प्राथमिकता के आधार पर आगे भेजा जा रहा है । पोस्टमैन को भी राखी लिफाफे प्राथमिकता के साथ में वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक रविंद्र भार्गव, सचिंद्र तिवारी, पोस्टमास्टर बीएम मिश्रा उपस्थित रहे।

### कलेक्टर द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश

# राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 25 से, 10 संभागों के 190 खिलाड़ी लेंगे भाग

*__गुना, देशबन्धु।__ कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (जूडो 19 वर्ष बालक-बालिका) का आयोजन 25 से 28 अगस्त तक शासकीय उमावि उत्कृष्ट गुना में किया जायेगा।*

*इस प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा, नर्मदापुरम, सागर, शहडोल, जबलपुर एवं जनजाति विभाग की टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में 10-10 छात्र उपस्थित रहेंगे। इस 10 संभागों के 190 खिलाड़ी, 70 कोच तथा मैनेजर सहित 280 प्रति प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा स्कवाश, रोप स्कीपिंग, मार्डन पैथेलोन, कुश्ती ग्रीकोरोमन, योगा, कराते, वूशू, जूडो, शतरंज, खो-खो, कुराश, ताईक्वांडों, कबड्डी, फुटबाल, हॉकी, बैडमिंटन सहित विभिन्न विद्याओं में भाग लिया जायेगा। आयोजन से संबंधित आवश्यक तैयारियां पानी, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सकीय व्यवस्था एवं परिवहन व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारियों, प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अलग-अलग समिति को जो दायित्व दिये गये हैं उनका निर्वहन गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करें।*

# 1 क्विंटल गांजे के साथ कुख्यात बदमाश सहित 2 गिरफ्तार

## कार की सीट के नीचे बनवाए थे लोहे के बॉक्स



**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने 1 क्विंटल गांजे के साथ कुख्यात बदमाश और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी पुष्पा फिल्म में जिस तरह से चंदन की लकड़ी की तस्करी की गई थी, उसी तर्ज कार को बनाकर गांजे की तस्करी कर रहे थे। इसके लिए कार की सीट के नीचे लोहे के बॉक्स बनवाए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

क्राइम ब्रांच पुलिस ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात मुखबिर ने भोपाल में गांजे की बड़ी खेप आने की सूचना दी थी। इसके बाद शहर की अलग-अलग सीमा पर क्राइम ब्रांच की टीम तैनात की गई थी। कुख्यात बदमाश रईस रेडियो और उसका साथी अबरार खान गांजे की खेप के साथ जब सेंट्रल जेल रोड बायपास पहुंचा, तभी पुलिस की टीम ने उनकी कार को रोका और कार की तलाशी ली, जिसमें गांजे के 10-10 किलोग्राम के 10 पैकेट मिले। इसके रईस खान उर्फ रेडियो और अबरार को गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त किए गए गांजे की बाजार में करीब 15 लाख रुपए कीमत है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गांजे की तस्करी करने के लिए अपनी निजी कार को तैयार कराया था। इसके कार की सीट के नीचे लोहे के बाक्स बनवाए थे। इन्हीं बाक्स में गांजा रखकर आरोपी ओडिशा से भोपाल गांजे की तस्करी करते थे।

### कुछ हफ्ते पहले ही जेल से छूटा था रईस

पुलिस ने बताया कि रईस रेडियो नशीले पदार्थों की तस्करी, मारपीट, अड़ीबाजी जैसे मामलों में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। वह कुछ हफ्ते पहले ही जेल से रिहा हुआ था। पुलिस रईस रेडियो से गांजे की तस्करी के स्थानीय संपर्को के बारे में पूछताछ कर रही है। ताकि राजधानी में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वालों को पकड़ा जा सके।

# मिलेनियम कालेज की बस सहित कई संपत्ति कुर्क



**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा जहां एक ओर चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के संपत्तिकर जमा करने वालों को 31 अगस्त तक संपत्तिकर में 6 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है वहीं बड़े बकायादारो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अमले ने मिलेनियम कालेज की एक बस की कुर्की कर अधिग्रहित किया। इसके साथ ही वार्ड 11 में 3 दुकानों, वार्ड 18 अंतर्गत हमीदिया रोड स्थित मेसर्स आलीशान सेंटर , वार्ड 40 में 3 कुर्की की कार्यवाही की गई।

नगर निगम के अमले ने सोमवार को जोनल अधिकारी के नेतृत्व में बड़े बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही की। अमले ने मिलेनियम कालेज पर उपभोक्ता प्रभार के 11 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर कालेज की एक बस को कुर्क कर अधिग्रहण की कार्यवाही की साथ ही वार्ड 11 के अंतर्गत शाहजहांनाबाद पानी की टंकी के पास स्थित निगम की दुकान क्र. 5 पर 31 हजार 471 रूपये, दुकान क्र. 6 पर 17 हजार 610 रूपयेएवं दुकान क्र. 9 पर 44 हजार 255 रूपये बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। तालाबंदी किये जाने पर दुकान क्र. 5 एवं 6 के दुकानदारों द्वारा बकाया राशि निगम कार्यालय में जमा कराई गई। वार्ड 18 अंतर्गत हमीदिया रोड स्थित मेसर्स आलीशान सेंटर पर राशि रूपये 38 लाख 83 हजार 183 रूपये वार्ड 40 अंतर्गत श्रीमती नूरजहां पत्नि अब्दुल रईस खां म.नं. 2585 जगन्नाथ कालोनी पर 85 हजार से अधिक , श्रीमती पुष्पा शर्मा म.नं. 2590 जगन्नाथ कालोनी पर 36 हजार से अधिक तथा मुश्ताक अहमद म.नं. 10ए बाग उमराव दुल्हा पर 71 हजार से अधिक राशि बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही जलकर की राशि जमा न करने वाले बकायादारों पर कार्यवाही करते हुए 15 नल कनेक्शन विच्छेद किये गये।

# सर्प जागरूकता अभियान का समापन



**भोपाल, देशबन्धु।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के योग विभाग में सर्प जागरूकता अभियान का समापन सत्र सोमवार को आयोजित किया गया। यह अभियान रोटरी (ईस्ट भोपाल), द नेचर वॉलंटीयर्ज़ भोपाल चैप्टर और मंदार एन्ड नो मोर फाउंडेशन द्वारा 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस से शुरू होकर 21 अगस्त को नागपंचमी तक चलाया गया।

इस अभियान कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कायाकिंग एन्ड केनोइंग एसोसिएशन के चेयरमैन अरुण त्यागी, रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल एवं मंदार एन्ड नो मोर फाउंडेशन के डायरेक्टर विश्वास घुषे, द नेचर वॉलंटीयर्ज़ (भोपाल चैप्टर) के सचिव सुनील देशपांडे, सह-सचिव व सर्प विशेषज्ञ ओमप्रसाद सोहनी, अभ्युदय केलकर व ऋतिक साहू एवं विश्वविद्यालय के योग विभाग की डॉ माधवी चन्द्रा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्प विशेषज्ञ ओमप्रसाद सोहनी ने साँपों के विषय में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। विश्वास घुषे ने नागपंचमी के अवसर साँपों पर होने वाले घोर अत्याचारों के बारे में बताया और उपस्थित लोगों से अपील की कि समाज को सपेरों के झूठ एवं अंधविश्वासों से मुक्त कराएँ। इस कार्यक्रम में साँपों के विषय में द नेचर वॉलंटीयर्ज़ द्वारा प्रकाशित एक पुस्तिका का विमोचन हुआ।

# पड़ोसी ने अधेड़ के सिर में डंडा मारा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** पिपलानी इलाके में अधेड़ के सिर में पड़ोसी ने शुक्रवार को डंडा मारकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने पुरानी रंजिश के चलते पिता की हत्या का अरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस के अनुसार दामोदर अहिरवार पुत्र रतन अहिरवार उम्र 49 वर्ष निवासी पटेल नगर गायत्री पुलिया के पास रहता था। वह मिस्त्री का काम करता था। उसके घर के पास में गोकुल ठाकुर रहता है। दामोदर और गोकुल का पुराना विवाद है। हालांकि दोनों साथ में शराब भी पिया करते थे। शुक्रवार रात करीब दस बजे दोनों गायत्री पुलिया के पास बैठे थे। इस दौरान अचानक हुए विवाद के बाद गोकुल ने दामोदर के सिर में पीछे से डंडा मार दिया। लोगों ने यह देख शोर मचाया तो गोकुल ने भागने के प्रयास किया लेकनि लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस बीच मोहल्ले वालों ने दामोदर के बेटे मुकेश को घटना की जानकारी दी। मुकेश तत्काल मौके पर पहुंचा, जमीन पर बेसुध पड़े पिता को जेपी अस्पताल पहुंचाया। यहां दो दिन चले इलाज के बाद रविवार शाम उन्हें हमीदिया अस्पताल में भरती कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उनकी मौत हो गई। सोमवार की दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे मुकेश का कहना है कि पूर्व में गोकुल और पिता का विवाद हुआ था। इसका बदला लेने की नीयत से ही उसने पहले पिता को शराब पिलाई फिर सिर में डंडा मार दिया। वार इतना जोरदार था कि हमले के बाद से ही पिता को होश नहीं आया था। पिपलानी थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या का लग रहा है। सिर में चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### 2 महीने पहले की बेटे की शादी

बताया गया है कि मुकेश परिवार का सबसे बड़ा बेटा है। उसकी छोटी बहन लक्ष्मी है, उससे छोटे दो भाई राहुल, सतेंद्र हैं, जबकि सबसे छोटी बहन किरण है। 26 जून 23 को मुकेश की शादी हुई है। परिवार की पहली शादी में दामोदर बेहद खुश थे। मुकेश घर के पास ही चाय और समोसे की होटल चलाता है। काम न होने की हालत में पिता उसके होटल में बैठ जाया करते थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

सूखीसेवनिया थाना इलाके में स्थित रेलवे ट्रैक पर पटरी करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। रोकेश पुत्र रतन उम्र 23 वर्ष निवासी सूखी फाटक के पास टपरा मजदूरी का काम करता था। रविवार रात को वह शराब के नशे में पटरी को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल के नजदीक सूखीसेवनिया रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। बताया गया हैराकेश की चार साल पहले शादी हो चुकी थी। उसकी बड़ी बेटी तीन साल की परी है, जबकि छोटी बेटी महज 6 महीने की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तरी मध्य प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल सहित मध्य प्रदेश के कई स्थानों में सोमवार को पूरे दिन रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी रहा।

राजधानी में भी पूरे दिन बादल छाए रहे और रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। इसके कारण तापमान बढ़ा तो नहीं, लेकिन वर्षा की मात्रा बेहद कम होने के बीच उमस ने जरूर सताया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से राजधानी सहित कई इलाकों में मौसम खुल जाएगा। लेकिन प्रदेश में तीन मौसमी सिस्टम सक्रिय होने के कारण ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और शहडोल में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्व-उत्तर और छत्तीसगढ़ के हिस्से में निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय था। साथ ही चक्रवाती घेरा भी था। एक दिन पहले यह चक्रवाती घेरा प्रदेश के मध्य क्षेत्र में आ गया। इससे प्रदेश के मध्य क्षेत्र में वर्षा के आसार बने। लेकिन वर्तमान में कम दबाव का क्षेत्र उत्तरी मध्य प्रदेश के मध्य में बना हुआ है। इसके साथ मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा से मप्र में बने कम दबाव के क्षेत्र से होकर रायपुर, गोपालपुर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ भी बना हुआ है। इसके कारण उत्तरी मध्यप्रदेश में अगले दो दिन भारी बारिश के आसार हैं। उधर सोमवार को गुना में चार, इंदौर 2.4, सतना दो, मालाजखंड में दो, धार में दो, शिवपुरी में दो, उज्जैन में 0.6 और सागर में 0.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# 2 अपहृत बालिकाओ को बरामद कर परिजनो को सौंपा

**बैरसिया , देशबन्धु।** बैरसिया थाना पुलिस द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत दो अपहृत नाबालिक बालिकाओ को दस्तयाब कर उनके परिजनो को सुपुर्द किया पुलिस के अनुसार बैरसिया थाने में 20 अगस्त को सूचना मिली थी कि ग्राम खेजडाघाट मे 13 साल बालिका को दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले जा रहे है। घटना की गंभीरता का ध्यान मे रखते हुये प्रभारी थाना प्रभारी दिलीप जायसवाल ने त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा कुछ ही घण्टे मे नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियो मे खिलान अहिरवार निवासी ग्ग्राम बांसखेडा थाना लटेरी जिला विदिशा तथा दीपक अहिरवार निवासी ग्राम सेमरामेगना थाना मुरवास जिला विदिशा शामिल है। इस घटना के बाद पुन: वार्ड न.-4 बसई बैरसिया से सूचना मिली कि 17 साल लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर उसके घर से भगा ले गया है। इस घटना पर भी बैरसिया थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते घटना के कुछ घण्टो मे ही नाबालिक बालिका को बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया तथा आरोपी राहुल कुशवाह निवासी वार्ड न.- 3 बसई बैरसिया को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में प्रभारी थाना प्रभारी दिलीप जायसवाल, उनि शम्भूसिंह सेंगर, सउनि सागरसिंह, प्रधान आरक्षक रामनिवास ओझा, आरक्षक, सचिन गुर्जर, नरोत्तम, गिर्राज तोम, नीरज दांगी, अमरसिंह राजपूत, राघवेन्द्रसिंह, नगर, रक्षा समिति सदस्य राहुल का सराहनीय योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन मे पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज अभयसिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज डा. मोनिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा, अति0 पुलिस अधीक्षक देहात नीरज चौरसिया, एसडीओपी पंकज दीक्षित अधिक से अधिक नाबालिग बच्चो के जल्द बरामद करने के निर्देश जारी किए है।

# छप्पन भोग ने बढ़ाई चालीहा साहब की श्रद्धा : वासवानी

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के धार्मिक पर्व चालीहा साहिब के 35वें दिन न्यू बी 10 स्थित झूलेलाल चालीहा साहिब मंदिर परिसर में छप्पन भोग का आयोजन कथावाचक मुकेश महाराज के सानिध्य में सम्पन्न किया गया।

मुख्य अतिथि सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बताया कि चालीस दिन के उपवास की अवधि में 56 परिवारो द्वारा श्रद्धा से छप्पन भोग लगाने से एवं इष्टदेव की आरती व सामूहिक प्रार्थना (पल्लव) की गयी , इससे निश्चित रुप से इष्टदेव देवता प्रसन्न रहते है व मनोकामना पूर्ण होती है। वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहाणी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में बताया कि चालीस दिनो की पूजा अर्चना एवं कठोर उपासना आज के युग में वास्तव में तपस्या है। मैं समस्त श्रद्धालुओं के प्रति नमन करता हूं। विशिष्ठ अतिथि सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामचंद सबनानी ने संस्था की ओर से शुभकामनाऐं दी। वहीं कथावाचक पं मुकेश महाराज ने इष्टदेव भगवान झूलेलाल के चालीहा साहिब को सुख, शांति एवं मातृभाषा के संवर्धन के साथ सनातन धर्म की रक्षा हेतु सार्थक बताया। इस अवसर पर महासचिव गुलाब जेठानी, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती किरण वाधवानी, मोहन मनवानी एवं मंदिर समिति के संरक्षक साबू रीझवानी ने अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम के माहौल को लोक गीत, संगीत एवं मधुर भजनों ने झूलेलाल मय बनाया तथा माता भक्त कलाकार चन्द्रभान रीझवानी ने संगीतमय भजनो से समस्त वृतधारी साधको को नाचने हेतु मजबूर किया। कार्यक्रम में गुलाब जेठानी, महेश खटवानी, दिनेश वाधवानी, मनीष पारवानी, धरमू समताणी, नारी तनवानी, ओमप्रकाश, जगदीश लालवानी, सोनी वासवानी, विष्णु नाथानी, कन्हैयालाल मूलानी, मोहन लाल मनवानी सीतलदास जोतवानी, श्रीमती मीरा चंचलानी, नरेश बेलानी, गौरव रीझवानी, नैना वाधवानी, डॉ कविता रीझवानी, आरती केवलानी, श्रीमती कशिश, सुरेश कुमार, श्रीमती नीता जेठानी आदि सम्मिलित होकर आयोजन की शोभा बढाई।

# शिव महापुराण का बहुत महत्वः मुकेश महाराज

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** श्रवण माह मेंशिव महापुराण का बहुत महत्व है। यह बात आज शिव महापुराण कथा के पहले दिन कथा वाचक मुकेश महाराज ने कही। कथा प्रारंभ होने से पर्व आज शिव मंदिर मुख्य मार्ग से कलश यात्रा प्रारंभ हुईजोकथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा मेंपालकी मेंशिव महापुराण कथा ग्रंथ को फूलोंकी सजावट के बीच विराजमान किया गया। वहीं सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए थी, जबकि श्रद्धालु शंकर भगवान के गीतों पर नृत्य करते हुए भगवान शिव की भक्ति में लीन थे। संयोजक हीरो हिन्दु के नेतृत्व मेंकलश यात्रा का स्वागत किया गया । पूज्य सिंधी पंचायत के कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने भी मुकेश महाराज का शाल पहनाकर स्वागत किया । कलश यात्रा में जीतेन्द्र सिंह बघेल, महेश खटवानी, प्रकाश वीधानी, लीलाधर पंवार, महेश गुरबानी, तुलसी जोतवानी, किरण वाधवानी, प्रवीण होतवानी, भावना उदासी, सीमा लालवानी, संध्या प्रधान, निर्मला सोनी, श्रीमती सोनूजैन, पूनम यादव, धर्मप्रकाश समतानी, राजकुमार धानुक, शम्मी गंगारामानी, नंदनी, हिमांशी, रितिका, सुमित्रा, कृष्णा, रामचंद सभनानी, अर्जुन दास गुरबानी, नारायणदास सबनानी, कालूरायचंदानी, भारती मूलचंदानी, पुष्पा मोतियानी, मोहित जोतवानी, ज्योति बाई, दुर्गाबाई, देवकी बाईमुख्य रूप से शामिल थी ।


## विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

**नाग पंचमी और श्रावण सोमवार त्यौहार-2023 के उपरांत रेलयात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां निम्न समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी :-**

**09333/09334 डॉ. अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली-डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (दो फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 09333 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09334 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:30 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 21:00 | -- |
| 05:00 | – | नई दिल्ली | – | 07:30 |

**चलने के दिन : 09333 डॉ. अम्बेडकर नगर** से दिनांक 22.08.2023 (मंगलवार) को और **09334 नई दिल्ली** से दिनांक 23.08.2023 (बुधवार) को।

**स्थान:-** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव :** इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर और मथुरा स्टेशन।

**09332 नई दिल्ली-इंदौर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (एक फेरा)**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09332 | |
|---|---|---|
| | प्रस्थान | आगमन |
| नई दिल्ली | 07:30 | -- |
| इंदौर | – | 20:15 |

**चलने के दिन : 09332 नई दिल्ली** से दिनांक 22.08.2023 (मंगलवार) को।

**स्थान:-** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव :** मथुरा, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, नागदा, उज्जैन और देवास स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2597/23

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## आम सूचना

मै निखलेश्वर धाकड़े पिता धनराज धाकड़े उम्र .. वर्ष जाति किराड निवासी चिलोलीढाना तहसील भैंसदेही जिला बैतूल म.प्र. का स्थाई निवासी हूं। मेरा वास्तविक सरनेम धाकड़े है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड अन्य दस्तावेज में अंकित चला आ रहा है। मेरे स्वयं के दस्तावेजों में त्रुटिवंश धाकड़े के स्थान पर **धाकड़** अंकित हो गया है। मैं शपथकर्ता का वास्तविक सरनेस **धाकडे** हैं परंतु मेरे नाम के कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवंश धाकड अंकित हो गया है। परंतु मुझे निखलेश्वर धाकड़े के नाम से समस्त दस्तावेजों में एवं बोल चाल की भाषा में जाना जाता है।

**निखलेश्वर धाकडे**

## कार्यालय नगर परिषद माखन नगर, जिला नर्मदापुरम म.प्र.

Nagar Parishad Makhan Nagar, Dist-Narmadapuram M.P.

क्रं./1026, 1027/ यू.ए.डी.डी./सीएमओ/2023 माखन नगर, दिनांक 17.08.2023

**निविदा आमंत्रण**

नगर परिषद माखन नगर (बाबई) द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| टेंडर क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_299935_1 | माखन नगर में मु.श.अधो. चतुर्थ चरण अंतर्गत आर.सी.सी. नाली सी.सी. रोड एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य। | 13875633/- | 69378/- | 12500/- | 6 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 2023_UAD_299936_1 | तहसील कार्यालय प्रांगण में आंगतुको को बैठने हेतु टीन सेट निर्माण कार्य। | 148672/- | 2974/- | 1000/- | 1 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 2023_UAD_299938_1 | एस.डी.आर. एफ. योजना अंतर्गत विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 34758000/- | 173790/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर |

नोट:- प्रपत्र क्रय Download करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in/nicgep/app से देखी जा सकती है, निविदा से संबंधित समस्त संशोधन विभागीय वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक**
**नगर परिषद माखन नगर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद माखन नगर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./नामा.शा./न.नि./2023/34 सागर दिनांक 21.08.2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/ प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते है।

| क्रं. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 661/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | दामोदर प्रसाद स्व. बाबूलाल पटेल | रुपाली पति गोपीनाथ मोहित |
| 2 | 662/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | दामोदर प्रसाद स्व. बाबूलाल पटेल | बेबी पति कमल कुमार जैन |
| 3 | 663/ 23-24 | तिलकगंज | मृत्यु प्रमाण पत्र,शपथ पत्र, टैक्स रसीद | स्व.दीपक पिता स्व. कामता प्रसाद केशरवानी | राजकुमारी बेवा दीपक, आकाश एवं अजय पिता स्व. दीपककुमार केशरवानी |
| 4 | 664/ 23-24 | तिली | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, खसरा बी-1 | पुरुषोत्तम पिता बलराम चौरसिया | शोभा पुत्री छोटेलाल श्रीवास |
| 5 | 665/ 23-24 | दयानन्द | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, तफशीश नकल | स्व.सुशील पति स्व. सुरेश चन्द्र जैन | रमेश, कमला एवं विमला पिता स्व. कन्हैयालाल जैन |
| 6 | 666/ 23-24 | चन्द्रशेखर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | शोभाराम पिता जमना प्रसाद पटेल | मीराबाई पति शोभाराम पटेल |
| 7 | 667/ 23-24 | इन्द्रनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, | कमल किशोर पिता बच्चूमल हिन्दूजा | आशुतोष पिता सुरेश कुमार सराफ (सोनी) |
| 8 | 668/ 23-24 | रविशंकर | अंकसूची, शपथ पत्र टैक्स रसीद | संजीव, संदीप ना.बा.बली मंगली प्रसाद बली | संजीव, संदीप पिता स्व. मंगली प्रसाद ताम्रकार |
| 9 | 669/ 23-24 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | भरत पिता स्व.लोकमन, सौरभ ना.बा. वल्द स्व. लोकमन बली मां लक्ष्मीबाई, लक्ष्मीबाई बेवा लोकमन, लक्ष्मी बेवा बाला प्रसाद, जगदीश पिता स्व. बालप्रसाद कोरी | सरोज पति राजेश ताम्रकार |
| 10 | 670/ 23-24 | रविशंकर | रजि. बैनामा,शपथ पत्र, टैक्स रसीद | मुन्नीबाई बेवा मुन्नालाल, संतोष, पुष्पेन्द्र पिता स्व. मुन्नालाल पटैल | संजीव पिता मंगली ताम्रकार |

कृते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 22 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्ख़ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निज़ाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं- वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो-हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था।

2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा ज़रूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर-भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था।

निज़ाम बदला। हुक्मरान बदले; और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी-पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40-45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीज़ल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये।

मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है- फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चैनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि- 'परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?', तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा-'यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?' उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की ज़रूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

# लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के अपने दसवें और वर्तमान कार्यकाल के आखिरी संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपने लिए असाधारण ऐतिहासिक भूमिका का सबसे ऊंचा आसन गढ़ने की कोशिश की है, उसके अलग-अलग तत्वों पर तो लोगों का फिर भी ध्यान गया है, लेकिन उसकी समग्रता पर काफी कम लोगों ने ही ध्यान दिया है। इसे देखते हुए, पी चिंदबरम का इंडियन एक्सप्रैस के अपने रविवारीय स्तंभ में यह ध्यान दिलाना दोहराए जाने का हकदार है कि प्रधानमंत्री मोदी, जब भारत के हजार साल की ''गुलामी'' पार कर के अमृतकाल के आरंभ के वर्तमान मुकाम पर पहुंचने की बात कर रहे थे, जहां उनके दावे के अनुसार अगले हजार साल की नींव रखी जा रही है, तो वह सिर्फ तात्कालिक तथा यहां तक कि मध्यम कालिक चिंताओं तक से ध्यान हटाने का पैंतरा ही नहीं आजमा रहे थे। इसके साथ ही वह खुद को हजार-हजार वर्ष के दो युगों की संधि पर, भारत का नेतृत्व कर रहे, असाधारण ''युग पुरुष'' के पैडस्टल पर खड़ा करने की बहुत सचेत कोशिश भी कर रहे थे। यह दूसरी बात है कि उनके पौने दो घंटे लंबे, बिखरे-बिखरे, शोरभरे किंतु निष्प्राण, धुरीहीन भाषण ने, इस सायास गढ़ी जाने वाली अभूतपूर्व ''महत्ता'' के संदेश के प्रसार को, बहुत हद तक खुद ही बाधित कर दिया।

''एक हजार साल'' के आगे के कालखंड पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने की, नाजी जर्मनी के सुप्रीमो एडोल्फ हिटलर की ऐसी ही भविष्य प्रस्तुति से समानता ने बेशक, कई टिप्पणीकारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे बड़े भविष्य फलक की उपयोगिता जाहिर है कि सर्वोच्च नेता का कद बढ़ाकर उसका सिर बादलों तक पहुंचा देने के लिए भी है और उसकी तात्कालिक प्रकट विफलताओं को महत्वहीन या तुच्छ बनाकर गायब कर देने के लिए भी। लेकिन, उनके अनुसार एक हजार काल के जिस कालखंड को पार कर भारत मौजूदा मुकाम पर पहुंचा है, उसकी प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तुति और खासतौर इस पूरे कालखंड के ''गुलामी'' का दौर होने के उनके दावे के निहितार्थों पर, शायद उतना ध्यान नहीं दिया गया है, जितना उनमें छुपे खतरनाक संदेशों को देखते हुए दिए जाने की जरूरत है।

बेशक, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक हजार साल की गुलामी' की बात की है। चंद हफ्ते पहले, अमेरिका की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यही राग अलाप कर, इससे भी ज्यादा चौंकाया था। बेशक, उस समय भी लोगों के चौंकने की वजह यह हर्गिज नहीं थी कि नरेंद्र मोदी पहली बार ऐसा दावा कर रहे थे। एक जुमले की तरह 'एक हजार साल की गुलामी' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से जब-तब इस्तेमाल करते आ रहे थे। और ऐसा होना स्वाभाविक ही था क्योंकि संघ-भाजपा के इतिहास बोध में, 'एक हजार साल की गुलामी' की धारणा हमेशा से ही, केंद्रीय धारणा की तरह बनी रही है। हां, यह दूसरी बात है कि मोदीशाही के नौ साल से ज्यादा के दौरान, आधिकारिक इतिहास लेखन व शोध से लेकर, इतिहास की पाठ्य पुस्तकों तक और जाहिर है कि खासतौर सोशल मीडिया समेत जन-संवाद में, बढ़ते जोर के साथ तथा ऊंची आवाज में इसका दावा किया जाने लगा है। फिर भी, प्रधानमंत्री के अमेरिका के संबोधन तक इस दावे का पहुंचना, इसलिए चौंकाता था कि अब तक विदेश में ज्यादा सख्त छानबीन की आशंका से, औपचारिक रूप से ऐसे बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संकेत देने से बचा जाता रहा था। बहरहाल, अब मोदी से उस संकोच को भी त्याग दिया है। और अब लाल किले के संबोधन के साथ तो इस धारणा को, एक तरह से मोदीराज का आधिकारिक सिद्धांत ही घोषित कर दिया गया है।



राजेन्द्र शर्मा

> **प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता।**

प्रधानमंत्री मोदी को शायद इसकी जानकारी नहीं हो, भारत की 'एक हजार साल की गुलामी' की अवधारणा, सीधे-सीधे ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की उतरन है, जो संघ ने शुरू से पहनी हुई है। ब्रिटिश राज के हिस्से के तौर पर, भारत पर एक इतिहास-काल बोध भी थोपा गया था। इसकी रूपरेखा जेम्स मिल ने पेश की थी और ब्रिटिश राज के पूरे दौर में थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ इसी नजरिए का बोलबाला बना रहा था। इस नजरिए के हिसाब से भारत का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास, दो हिस्सों में बांटा जा सकता था। ग्यारहवीं शताब्दी से शुरू हुआ मुस्लिम काल और उससे पहले का हिंदू काल। लेकिन, बात सिर्फ इस तरह के काल विभाजन के ऐतिहासिक रूप से गलत होने की नहीं थी। इस कथित मुस्लिम काल में ही चोल, गजपति, अहोम, काकतीय, विजयनगर राज, मेवाड़ और आगे चलकर मराठा जैसे प्रभावशाली राज भी रहे थे, हालांकि पहले सल्तनत तथा बाद में मुगल शासन के अंतर्गत उत्तरी भारत का बड़ा हिस्सा आता था। इस काल विभाजन की असली बात यह थी कि यह इतिहास को सिर्फ शासक के धर्म के नजरिए से देखकर, भारत के संदर्भ में देशी-विदेशी तय करने की कोशिश करता था। और हिंदू प्रजा, मुसलमान राजा के एक स्थायी टकराव की अपनी संकल्पना के जरिए, ब्रिटिश राज को वास्तव में हिंदुओं के उद्धारक के रूप में पेश करने की कोशिश करता था। ब्रिटिश सामराजी हुकूमत में यह खेल कितने सचेत रूप से खेला जा रहा था, इसका अंदाजा इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1842-44 के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड एलनबरो ने 1842 में इसका ऐलान किया था कि कथित 'सोमनाथ के दरवाजे' अफगानिस्तान से ईस्ट इंडिया कंपनी नियंत्रित इलाके में लाकर, ब्रिटिश सेनाओं ने भारतीयों के 'आठ सौ साल के अपमान' का 'बदला' ले लिया था!

हैरानी की बात नहीं है कि एक ओर आरएसएस-परिवार और दूसरी ओर उसके मुस्लिम समकक्षों ने, भारत के इतिहास की इस सामराजी प्रस्तुति को ज्यों का त्यों हजम कर लिया था। जैसाकि ब्रिटिश हुकूमत चाहती थी, उनकी लड़ाई एक-दूसरे के खिलाफ और ब्रिटिश हुकूमत के संरक्षण के लिए थी। यह दूसरी बात है कि भारतीय इतिहास की वास्तविक धारा की दिशा कुछ और ही थी, जिसका परिचय 1857 के विद्रोह से मिल गया था, जिसे प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब, साम्राज्यवाद के खिलाफ तब तक का सबसे बड़ा विद्रोह मानते हैं। आगे चलकर इसी वास्तविक इतिहास का प्रतिनिधित्व, ब्रिटिशविरोधी राष्ट्रीय आंदोलन करता था। हैरानी की बात नहीं है कि संघ समूह और उसके मुस्लिम समकक्ष, सचेत रूप से इस राष्ट्रीय आंदोलन से न सिर्फ बाहर ही रहे थे बल्कि वास्तव में उसके खिलाफ ही रहे थे। यह दूसरी बात है कि संघ-परिवार की इस भूमिका पर पर्दा डालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इस झूठ का सहारा लेने की कोशिश की थी कि 'कोई नहीं था जिसने तब स्वतंत्रता के लिए त्याग नहीं किया होगा।' जमींदार, राजे-रजवाड़े, महंत-मठाधीश, व्यापारी, संप्रदायवादी; ब्रिटिश राज के फर्माबरदार भी अंत-अंत तक बहुत थोड़े नहीं थे!

स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी आंदोलन ने, उसके इतिहास लेखन ने, ब्रिटिश उपनिवेशिवादियों द्वारा प्रचारित इतिहास को भी चुनौती दी। उसने खासतौर पर भारत में कथित मुस्लिम काल को, यूरोपीय इतिहास के मध्ययुग की तरह, अवरुद्ध विकास का काल बनाकर पेश किए जाने की कोशिशों को चुनौती दी। इस क्रम में राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने 1857 तथा उसके बाद के इतिहास को ही ब्रिटिश-विरोधी राष्ट्रवाद की नजर से नहीं देखा, मध्यकालीन शासनों को भी एक समावेशी राष्ट्रवादी नजर से देखा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इससे ठीक उल्टे चलते हुए, संघ के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक नजरिए से ही संचालित होकर, इन शासनों मात्र को 'विदेशी' तथा इनके विरुद्ध जो कुछ भी रहा हो उसे 'राष्ट्रीय' बनाने की कोशिश करते हैं। दुर्भाग्य से संघ की यह सांप्रदायिक इतिहास दृष्टि, राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की एक कमजोरी का बहुत फायदा उठाती है। ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के मुकाबले के लिए, राष्ट्रवादी इतिहास दृष्टि ने, मुस्लिम-पूर्व भारत के हिंदू भारत के रूप में यूरोपीय महिमामंडन को, जिसके पीछे स्पष्ट सामराजी कार्यनीति थी, कमोबेश अनालोचनात्मक तरीके से हजम कर लिया था। इस तरह, 'हिंदू भारत' के एक प्रकार के 'स्वर्ण युग' माने जाने की सामराजी विरासत सुरक्षित बनी रही, जिसने एक स्वतंत्र, समानतापूर्ण, जनतांत्रिक भविष्य गढ़ने के तकाजों के मुकाबले, बीते हुए 'स्वर्ण युग की वापसी' की पुकारों के लिए जगह मुहैया कराई। इसे हम आज कथित सनातन पर वापसी की पुकारों में देख रहे हैं। दूसरी ओर, खासतौर पर मुस्लिम को 'विदेशी' का पर्याय बनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण में 'हजार साल की गुलामी' के मुकाबले की 'परंपरा' और शक्तियों की दुहाई यह साफ कर दिया है कि वह आने वाले दिनों में और जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के अगले चक्र के लिए और फिर आम चुनाव के लिए, बहुसंख्यक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का ज्यादा से ज्यादा खुलकर इस्तेमाल करेंगे। वास्तव में इसका एक और संकेत तो तभी मिल गया था जब कर्नाटक के चुनाव में भारी हार के फौरन बाद, प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की मांग उछाल दी थी, जिसके संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रहने दी थी कि यह सिर्फ मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ मुहिम का मामला है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता। प्रधानमंत्री ने जिस तरह इसे ''बर्बाद'' करने वाला बताया है और खासतौर पर सामाजिक न्याय को बर्बाद करने वाला बताया है; उसका संकेत स्पष्ट है कि अब अल्पसंख्यकों के जिक्र को भी एक प्रकार से अपराध बनाकर हमले का निशाना बनाया जाएगा और यह हमला किया जाएगा इसके नाम पर कि इससे, दलित आदि अन्य वंचितों के हक मारे जा रहे हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# म.प्र. में भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची ने बढ़ाई अन्तर्कलह

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।

इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है।



एल एस हरदेनिया

> **भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी।**

हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं।

सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था।

राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था।

'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,' रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी।

भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं? छतरपुर में अर्चना सिंह की हार काफी कम वोटों से हुई थी। ललिता यादव के नाम की घोषणा होते ही अर्चना सिंह के समर्थकों ने छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर विरोध रैली निकाली। उन्होंने नारे लगाए- 'टिकट वापस करो'।

पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि छतरपुर में ललिता यादव की उम्मीदवारी का उद्देश्य जिले और आसपास के खरगापुर, निवारी, पृथ्वीपुर, देवरी, सुरखी और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों में जातिगत समीकरण को संबोधित करना है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने रणनीतिक रूप से प्रीतम लोधी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें पिछले साल ब्राह्मणों के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

दूसरी ओर जब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया तो वह काफी स्मार्ट नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया। इसे घोटाला पत्र कहते हुए, कांग्रेस ने अपने आरोप पत्र में भाजपा सरकार पर मध्य प्रदेश में अपने 18 साल के शासन के दौरान कथित तौर पर 50,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला समेत 254 घोटालों का आरोप लगाया।

इन आरोपों में शामिल है 86,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 11,000 करोड़ रुपये का सीवरेज निर्माण घोटाला, 94,000 करोड़ रुपये का बिजली घोटाला, और 100 करोड़ का महाकाल निर्माण घोटाला भी।

कांग्रेस ने दावा किया कि आरोप राज्य विधानसभा में सवालों के सरकार के जवाब सहित दस्तावेजी सुबूतों पर आधारित है जिन्हें सीएजी और लोकायुक्त ने प्रस्तुत किया था। अनेक तो सीबीआई के दस्तावेज से लिये गये हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अन्य करोड़ों रुपये के घोटालों का भी आरोप लगाया जो सीधे आम जनता से जुड़े हैं - जैसे 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनवाड़ी नल-जल घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम घोटाला और 800 करोड़ रुपये का भर्ती घोटाला।

## गुरवाणी विचार

### हरि बिन अवर न देखो कोई

अन्तर गुरु आराधना जिन्हा जपगुरु नावो।
नेत्री सतगुरु, पेखना, सरबनी सुनना गुरू नावों।
सतगुरु सेती रतिया-दरगाहि पाइये धावों।
कहां नानक किरपा करे जिसन ऐह नत दे
जग मेहि उदय उदव काटके, बिरले कैई के।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा अर्जुन देव पांचवें नानक फरमा रहे हैं कि हम इंसानों को इस मानवदेही को पाकर किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। सब से पहले हमें अमृत वेले (तड़के) उठकर प्रभु नाम का जाप सिमरन करना चाहिए। अमृत वेले सच नावौं वडिआई विचार। फिर हमें प्रभु परमात्मा ने जिव्हा इसलिए दी है कि हमें इससे प्रभु परमात्मा की वाणी का पाठ करते रहना चाहिए। पराई निंदा चुगली करने में समय बिताना चाहिए- रसना गुण गोपाल निधि गायन। सां सहस रहस मन उपजियो। सगले दुख पलयिन।। फिर प्रभु परमात्मा ने सुंदर आंखें दी हैं, उससे प्रभु दर्शन करने हेतु गुरु द्वारा मंदिर, मस्जिद आदि जाना चाहिए न कि इन नेत्रों को गंदे नाटक चेटक देखने में लगाना चाहिए।

ऐ नेत्रों मेरियो हरि तुममें जोति रखी
हरि बिन अवर न देखो कोई।।

फिर हमें दो सुंदर कान दिए हैं उससे हमें हर वक्त प्रभु जस श्रवण करते रहना चाहिए न कि इन कानों को पराई निंदा चुगली में लगाए रखना चाहिए। ऐ सखनो मेरियो सांचे सुनने न पठाये। शरीर लाए सुनो सत वाणी। शरीर लाये सुनो सत बाणी, इस तरह हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में इन अंगों को लगाए रखना चाहिए। तभी प्रभु परमात्मा की खुशी मिल गई तो फिर उसकी नजरें इनायत होने पर हमारे लोक परलोक दोनों सुहेला हो सकता है इसलिए गुरवाणी में समझाइश दी गई है- हलत सुख पलत सुख सिमरनो। नित नाम हरि का लीजै।।

उसकी प्रसन्नता प्राप्त होने पर ही हम अपनी जिंदगी जिसमें कई पूर्व जन्मों की मैल लगी हुई है कि मैल धोकर उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार हो सकते हैं। हमारा जनम-मरण का चक्कर खत्म हो सकता है और हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है। जहां फिर हमें किसी किस्म की फिकर, चिंता गम नहीं रहेगा ऐसी दरगाहि का वर्णन भक्त रविदास ने कुछ इस तरह किया है-बेगमपुरा शहर को नावों। पर हमें इसके लिए हर वक्त मन से प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। कबीरदास जी कहते हैं-

केशो केशो कविये न सोइये आसार।
बार बार के केकने कभी तो सुने पुकार।।

हर इंसान का काम है प्रभु सिमरन बंदगी में मन से जुड़ा रहे। परमात्मा इतने भी बेरहम नहीं है कि हमारी पुकार न सुने कभी न कभी तो हमारी पुकार सुनेंगे। अतएव हमारा एक सूत्रीय कार्य यही होना चाहिए प्रभु नाम सिमरन। पत्थर की जगत (कुएं की) पर बार-बार नरम रस्सी जाकर भी अपना निशान बना देती है तो फिर हमारे बार-बार प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर कभी न कभी तो हमारी पुकार प्रभु के सांचे दरबार में अवश्य सुनी जाएगी। प्रभु परमात्मा का हृदय कभी न कभी तो पसीजेगा और बस फिर हम पर उसकी किरपा दृष्टि बनेगी। हमारा कल्याण होना ही है अतएव हमें हर वक्त इस तरह प्रार्थना करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई,
ऐसी बुद्धि करो परगासा सदा सदा तुध धिआंई।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### कानपुर में बाढ़ के हालात से जनजीवन प्रभावित, घरो में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और देश में कई राज्य इस वर्ष बाढ़ की चपेट में है। कानपुर के हालात खराब हैं। सैंकड़ों घरों में पानी दहलीज तक पहुंच गया है। फसलें चौपट हो गई है लेकिन फिर भी प्रशासन पर लोगों का पूरा भरोसा है। मुआवजा राशि के लिए योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई चिंता नहीं है। गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वही शुक्लागंज में भी बाढ़ की स्थिति है। 700 बीघा से ज्यादा फसल, अमरूद के बाग और 7 सौ से ज्यादा मकान बाढ़ की चपेट में है। किसानों की हालत खराब हो रही है। फसलें बर्बाद होने और बाढ़ के पानी की भयावहता से आम नागरिक परेशान है। कानपुर में करीब 13 वर्ष बाद गंगा ने रौद्ररूप दिखाया है। चैनपुरवा गांव पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में है लोगों ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। कानपुर के आसपास के गांवों में भी परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को सबसे पहले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजकर उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी होगी। हताहत लोगों को भरोसा दिलाना होगा। गांव के जलस्तर के बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। पानी के भय से लोग छतों पर चढ़ कर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। इस साल हर राज्य की यह स्थिति बनी है तो कई राज्यों में बारिश का अभाव भी है। कुदरत के आगे लाचार बना हुआ आदमी आगे के लिए सोच भी नहीं सकता है। पानी में डूबने से छप्पर टूट चुका है। घरों में अंदर तक पानी पहुंच चुका है। कुदरत की मार से खड़े नहीं हो पा रहे है। कटान से जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मूसलाधार बारिश से जलस्तर छोड़ने के कारण समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में पानी घुसने से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में पढ़ा रहे है। प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन ने 63 चौकियां बनाई है।

### चन्द्रयान 3 की लैंडिंग का बेसब्री से इंतजार

भारत की सफलता का नजारा दुनिया निहारेगी भारत की कामयावी सातवें आसमान पर है। दुनिया की ताल से ताल मिलाने और दुनिया से दो कदम आगे बढ़ने की जिज्ञासा वैज्ञानिकों के दिल में है। चन्द्रयान 3 की लैंडिंग की तैयारी कर रहा है, उस घड़ी का हर एक को बेसब्री से इंतजार हर भारतवासियों को है। उस क्षण की खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत ने 2008 में हरिकोटा से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन सतीश धवन से अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया। अंतरिक्ष यान चांद की 3400 परिक्रमाएं की और 312 दिन काम करता रहा। वैज्ञानिकों ने इसके बाद भी प्रयास जारी रखा और चन्द्रयान 2 की लॉन्चिंग पहली बार 2018 में हुई थी। उसकी तारीख बदल कर 31 जनवरी कर दी गई। चन्द्रयान ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाए थे। भारत अब मिशन चन्द्रयान 3 का इतिहास रचने के करीब पहुंच गया है। इसरो ने घोषणा की है कि विक्रम 23 अगस्त को उतरने की पूरी संभावना है। 23 को लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उधर रोसकोसमॉस लूना चन्द्रमा की सतह से टकरा गया। तकनीकी खराबी बताई जा रही है। लेकिन भारत की सिद्धि पर दुनिया की नजर है।

जनता मोदी योगी की लोकप्रियता के दीवाने हैं। लोगों को लुभा रही है पीएम मोदी और सीएम योगी और चन्द्रयान 3 की नई डिजाइन वाली राखियां। बहनें सोने-चांदी से बनी महंगी राखियां खरीद रही हैं। इस बार राम मंदिर और चन्द्रयान को लेकर काफी उत्सुकता है। इस वर्ष ज्वेलर्स द्वारा खास राखी डिजाइन की जा रही है। इसमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राममंदिर और चन्द्रयान 3 की डिजाइन वाली राखियां की छवि सोने चांदी के सिक्कों में चमक रही है। सोने के सिक्के में बनी राखी की कीमत 7 हजार से एक लाख 20 हजार तक है, जबकि चांदी में बनाई गई राखी की कीमत एक हजार से प्रारंभ होती है। गुजरात में यह इस तरह की राखी का क्रेज देखने को मिल रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### कृषि महाविद्यालय में गाजर घास उन्मूलन सप्ताह का हुआ आयोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गाजर घास एक बहुत ही खतरनाक खरपतवार है जिसका आतंक सभी किसानो के खेत एवं उपजाऊ जमीन पर अधिक मात्रा में दिखाई दे रहा है। इस उद्देश्य से इसे खत्म करना अत्यंत आवश्यक है। गाजर घास के नुकसान को देखते हुए कृषि महाविद्यालय में गाजर घास उन्मूलन सप्ताह का आयोजन16 से 22 अगस्त तक किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से गाजर घास का समूल उन्मूलन करते हुए कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डा. प्रवीण कुमार मिश्रा ने सभी छात्रों के माध्यम से इसका उन्मूलन संपूर्ण कैंपस में करने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। छात्रों को समझाते हुए डॉ. राजमोहन शर्मा द्वारा जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय से लाय गए कीट मैक्सिकन बीटल को गाजर घास पर छोड़कर कराया गया साथ ही डा.मिश्रा ने रासायनिक दवा से गाजर घास का उन्मूलन कैसे करें इस विषय पर छात्रों को प्रशिक्षित किया।

### नाग पंचमी पर चौरसिया समाज ने किया आयोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नाग पंचमी के अवसर पर चौरसिया समाज द्वारा काशी मैरिज गार्डन में नाग पंचमी एवं चौरसिया दिवस का कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर चौरसिया समाज ने भोलेनाथ एवं उनके कुल देवता नाग देवता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके बाद समाज की उन बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट नंबर अर्जित किया। कार्यक्रम में नगर के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मंनगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, सुनीता भावसार, जगदीश यादव अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। चौरसिया समाज के बुजुर्गों का भी सम्मान किया गया।

### सरपंचों की बैठक का आयोजन



**गैरतगंज, देशबन्धु।** सोमवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष में सरपंच संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनेक निर्णयों पर सहमति बनी। इसके अलावा आगामी समय मे कार्यकारणी विस्तार पर भी चर्चा हुई। सरपंच संघ की बैठक के आयोजन में बड़ी संख्या में सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में सरपंचों के कार्यो में आ रहे व्यवधान, मांगो की पूर्ति, अन्य कार्यो एवं समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अंधियारी सरपंच कामता प्रसाद गुर्जर एवं संतोष रघुवंशी ने की। बैठक में सभी ब्लाकों में जाकर सरपंचों से संपर्क, सरपंचों के सहयोग का कार्य करने पर निर्णय लिया।

डेढ़ माह पहले समर्थन मूल्य पर बेचा था मूंग, अब तक नहीं आई खातों में राशि

# भुगतान में देरी, किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने दिया धरना



**गैरतगंज, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के डेढ़ माह बाद भी जब खातों में राशि नहीं आई तो आक्रोशित किसानों ने शासन प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। तहसील मुख्यालय पर बड़ी संख्या में किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर विरोध किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में भुगतान के आश्वासन के बाद किसानो ने प्रदर्शन बंद कर दिया। उल्लेखनीय है कि तहसील के 650 से ज्यादा किसानों ने तहसील के तीन समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर मूंग की उपज बेंची थी। इनमें विपणन संस्था गैरतगंज के 354, चांदपुर संस्था के 198 एवं मुड़ियाखेड़ा के 96 सहित अन्य किसान शामिल हैं। इन सभी किसानों को अपनी उपज का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। उपज का भुगतान न हो पाने से क्षेत्रीय किसान परेशान हैं। किसान संगठन कई बार प्रशासन से इन किसानों की उपज का भुगतान जल्द कराए जाने की मांग कर चुका है। परन्तु सुनवाई नहीं हुई है। सोमवार को क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में किसान संगठन गैरतगंज के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए बताया कि नियमानुसार समर्थन मूल्य में उपज बेचने के एक सप्ताह में राशि खातों में आने का नियम है परन्तु एक महीने से अधिक का समय हो जाने के बाद भी राशि का अता पता नही है। इसके अलावा भी किसानों की अन्य समस्याएं लंबित है। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम पल्लवी वैद्य ने जिला प्रशासन को किसानों की समस्या से अवगत कराया तथा एक सप्ताह में किसानों की भुगतान संबंधी समस्याओं के हल का आश्वासन दिया। एसडीएम ने किसान संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की। तब कही जाकर किसानों ने प्रदर्शन बंद किया। बाद में किसान संगठन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान नेता मुकेश धाकड़, गगन गौर, रामबाबू ठाकुर, गिरिजाशंकर गौर,महेश यादव, हरनाम लोधी, राजेंद्र लोधी, संतोष मालवीय, विवेक जैन, गोविंद गुर्जर सहित बड़ी संख्या किसान मौजूद रहे।

# देवपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूर्व मंत्री भी पहुंचे



**सिरोंज, देशबन्धु।** श्रावण मास के सोमवार को नगर से 11 किमी दूर स्थित बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंडों में स्नान कर बाबा का जलाभिषेक व दर्शन किए। दोपहर को आरोन से शुरू होकर कावड़ यात्रा देवपुर पहुंची। जहां पर कावड़ यात्रा के आयोजक शक्ति शर्मा के साथ देवपुर में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह भी कावड़ यात्रा में शामिल होकर देवपुर पहुंचे और बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

**समिति के व्यवस्थाओं की पूर्व मंत्री ने की प्रंशसा:** देवपुर सरपंच प्रतिनिधि व समिति सदस्य नरेन्द्र पाटीदार सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का स्वागत किया और देवपुर में समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सिंह ने श्रद्धालुओं के लिए श्रावण मास में समिति द्वारा बाबा के दर्शनों के लिए की गईं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उसके पूर्व कावड़ यात्रा में आये पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गगनेन्द रघुवंशी व पार्वती रघुवशी ने स्वागत किया गया।

**बाबा बर्फानी दरबार पिपलिया हाट में हुआ आयोजन:** कांवड़ियों की सेवा में आज की लंगर महाप्रसादी समाज सेवी अनुराग तारण सिरोंज एवं दिनेश पाटीदार पिपलिया वालों की ओर से वितरित की गई। प्रातः 6 बजे से भोले भंडारी का पंचामृत अभिषेक प्रारंभ हुआ,शिव अभिषेक के उपरांत सप्तम सोमवार को 81 किलो मावा कलाकन्द का भोग भोले अमरेश्वर को शिवभक्त अनुराग तारण एवं दिनेश पाटीदार द्वारा अर्पित कर शिवभक्तों कांवड़ियों को वितरित किया गया। विश्वनाथ देवपुर धाम जाने वाली प्रत्येक कांवड़ समूह को पुष्प गुलाल अबीर की वर्षा कर तिलक लगाकर विदा किया गया। शिवभक्त कांवड़ यात्रियों के दल डीजे ढोल की थाप पर झूमते हुये नृत्य करते हुऐ बाबा विश्वनाथ देवपुर रवाना हुए।

## भाजपा चितावर मंडल की हुई कार्यशाला



**सिरोंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी संगठन की विधायक प्रवास के अंतर्गत सोमवार को चितावर मंडल की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की चरखारी विधानसभा के विधायक बृजभूषण सिंह राजपूत ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रथम सत्र की कार्यशाला का शुभारंभ किया। आगामी विधानसभा चुनाव को द्रष्टिगत रखते हुए संगठन द्वारा बनाई जा रही रणनीती पर बातचीत की गई संगठन द्वारा दिये गए 15 करणीय कार्यो को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आवश्यक रूप से करने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर आपने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रदेश द्वारा सुझाए गए इन 15 करणीय कार्यों को पूरी ईमानदारी से कर लिया तो निश्चित रूप से 2023 में भी इस क्षेत्र से भाजपा का विधायक बनने से कोई रोक नहीं सकता।। कार्यशाला के उपरांत विधायक बृजभूषण पार्टी पदाधिकारियों के साथ लिंक रोड स्थित वृद्धाश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने संगठन योजना अनुसार गरीब निराश्रित असहाय लोगों को भोजन वितरण कराया। इसके बाद उन्होंने चितावर मंडल के अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता के निवास पर पहुंचकर अल्पाहार किया। इस दौरान सम्पूर्ण मंडल कार्यकारिणी एवं मोर्चे के अध्यक्षों , शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक, बूथ समितियों के अध्यक्ष, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संगठनात्मक अलग अलग चर्चा भी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक कमलेश जी, विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा,मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी,पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र बघेल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कचरा फैंकने वाली जगह पर अब आकार ले रहा पार्क

▸ मां कर्मा देवी चौराहे पर सौंदर्यकरण के लिए लगाए जाएंगे फव्वारे



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पहले जहां कचरा डाला जाता था अब वहां एक पार्क आकार ले रहा है। इस पार्क में कई प्रजातियों के एक सैकड़ा से अधिक पौधे जल्द ही लगाए जाएंगे। जिसकी तैयारियां भी कर ली गई है। इसी तरह पलोर पेट्रोल पंप के सामने खाली पड़ी नपा की अनुपयोगी जगह में भारत माता के नाम से उद्यान विकसित कर उसमें शहीदों की प्रतिमाएं भी स्थापित करने की तैयारियां की जा रही है। वहीं मां कर्मा देवी चौराहे को छोटा कर उसे सुंदर बनाने के लिए वहां फव्वारे लगवाए जाएंगे।

सोमवार को नगर पालिका परिषद में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने नपा के इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, योगेंद्र समैया और अन्य पार्षदों नारायण सोनी, शिवम रघुवंशी के साथ उक्त स्थानों का मौका मुआयना किया। इसी दौरान राजेंद्र नगर चौराहे की ओर जाने वाली निर्माणाधीन सीसी रोड का भी निरीक्षण किया गया और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। त्योंदा रोड आईसर शोरूम वाली गली के अंत में जहां बड़ी तादाद में कचरा फैंका जाता था अब वहां जल्द हरियाली ही हरियाली नजर आएगी। नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव के निर्देश के बाद यहां से कूड़ा कचरा हटाकर चारों ओर चीरा लगाकर तार फेंसिंग कर दी गई है, और गेट भी लगा दिया गया है। अब एक सप्ताह के भीतर पौधरोपण होगा। जिसमें औषधि, फलदार, छायादार कई प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह त्योंदा रोड पर पलोर पेट्रोल पंप के पास नगरपलिका की खाली पड़ी भूमि को भारत माता पार्क का नाम दिए जाने के निर्देश सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने उपस्थित इंजीनियरों को दिए। इसी जगह पर आगामी समय में वीर शहीदों की व्यवस्थित तरीके से मूर्तियां भी स्थापित करने का मौके पर विचार किया गया। राजेंद्र नगर चौराहे से मां कर्मा देवी चौराहे तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आने वाले व्यवधानों का बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। साथ ही मौके पर ही नागरिकों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

## बस से कुचलकर युवक की मौत मामले में ड्राइवर को 2 साल का सश्रम कारावास

**मुरैना, देशबन्धु।** 10 वर्ष पूर्व बस को तेज व लापरवाही से चलाकर युवक को कुचलने वाले ड्राइवर को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी राजेश शर्मा पुत्र बच्चू लाल शर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी एम.एल.डी. कॉलोनी अंबाह जिला मुरैना को भारतीय दण्ड विधान की धारा 304-ए में दोषी पाते हुये 02 वर्ष के सश्रम कारावास के दण्ड से दण्डित किया है। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 22 फरवरी 2013 को फरियादी का भतीजा नरेन्द्र उर्फ पवन गुर्जर न्यौता खाने के लिये जीगनी गये थे, जीगनी से बस से वापस आते समय अंबाह में बजाज एजेन्सी के सामने नरेन्द्र ने बस रूकवाई और अगले गेट से नरेन्द्र व पिछले गेट से फरियादी उतरने लगा, जैसे ही नरेन्द्र ने एक पांव गेट से नीचे रखा तो बस ड्रायवर ने बस तेजी व लापरवाही से दौडा दी, जिससे नरेन्द्र बस के नीचे आ गया और बस का पिछला पहिया नरेन्द्र के सिर व चेहरे पर से निकल गया, जिससे नरेन्द्र की मौके पर मौत हो गई। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी प्रज्ञेश मिश्रा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील अंबाह जिला मुरैना द्वारा की गई।

# विश्व उद्यमिता दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में आज विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को स्वरोजगार स्थापित करने, उद्यमी बनाने के बारे में विस्तार से समझाया गया। वाणिज्य विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफ़ेसर निधि मशीह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए विद्यार्थियों को उद्यम के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं कौशल का भरपूर उपयोग करना चाहिए। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर आर के वाखला, प्रोफेसर महेश भाबोर, साधना कुमारी झा एवं नरेंद्र दांगी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना, उन्हें स्वयं का उद्यम स्थापित करना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य है। व्याख्यान माला का आयोजन जन भागीदारी समिति एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने समस्त छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विभागीय अधिकारी अनुबंधित वाहनों की जानकारी लेकर आएं: कलेक्टर



**मुरैना, देशबन्धु।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जिन विभागों में शासकीय वाहन के अलावा अनुबंधित वाहन लगे हुये है, उन वाहनों की जानकारी अगली टीएल बैठक में लेकर आयें। उन्होंने कहा कि विभाग में अधीनस्थ अधिकारियों के लिये भी वाहन लगे हुये है, उन वाहनों की भी जानकारी उसमें शामिल होनी चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि जो विभाग जानकारी नहीं देगा, उस विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार को निर्देश दिये कि सूची प्राप्त होने के बाद यह सुनिश्चित करें कि शहर में मध्यप्रदेश शासन लिखकर अनेक वाहन मालक वाहन चला रहें है। उन वाहनों से मध्यप्रदेश शासन लिखा हुआ उतरवा दिया जाये। यह निर्देश उन्होंने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों को दिये।

### चुनाव के लिए कर्मचारियों के डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण नहीं

**मुरैना, देशबन्धु।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त डीडीओ को निर्देश दिये है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान सम्पन्न कराने के लिये कर्मचारियों के डाटा फीडिंग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जिसमें कई विभागों द्वारा उपस्थित कर्मचारियों की संख्या में नाम बहुत कम है फीड किये है। जिला कोषालय अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई विभागों ने सैलरी प्राप्त करने की संख्या से 50 प्रतिशत नाम दर्ज करायें है। यह कार्य संतोषजनक नहीं है। अगले सात दिवस में जिन विभागों ने सभी कर्मचारियों की जानकारी पोर्टल पर फीड नहीं की तो, डीडीओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इसके लिये कलेक्टर ने दक्ष केन्द्र में प्रतिदिन 5-5 विभागों को उपस्थित होकर शेष कर्मचारियों के नाम सहित अन्य जानकारी फीडिंग कराना अनिवार्य किया है। उन्होंने कहा कि दक्ष केन्द्र में मैं भी भ्रमण करूंगा, जिस विभाग का टर्न होगा, उस विभाग के फीडिंग करने वाले कर्मचारी वहां नहीं मिले तो संबंधित डीडीओ के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर कराएं निराकरण: कलेक्टर

▸ बैठक में की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा विभिन्न विभागों के समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन में लंबित आवेदनों/शिकायतों तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में आवेदन प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की प्रारंभ करें। यह प्रयास किया जाए कि आवेदन प्राप्त होते ही आगामी 24 घण्टे में निराकृत हो जाए। यदि आवेदन हितलाभ से संबंधित है तो पात्रतानुसार कार्यवाही की जाए और संबंधित को भी अवगत कराएं। बैठक में कलेक्टर दुबे द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन में जिले की ग्रेडिंग की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द लंबित आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यो तथा गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। निर्वाचन संबंधी कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। अभी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन तथा विलोपित करने के लिए मतदाताओं से आवेदन लिए जा रहे हैं। सभी पात्र मतदाताओं के नाम, मतदाता सूची में दर्ज हों यह सुनिश्चित कराएं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री अमृता गर्ग ने विभागवार अधिकारियों से उनके कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज होने की जानकारी लेते हुए कहा कि जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वह शीघ्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की कार्यवाही पूर्ण करें। श्रम पदाधिकारी तथा एमएसएमई अधिकारी को फैक्ट्रियों, उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज कराने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### 60 किसानों का दल प्रशिक्षण लेने महाराष्ट्र रवाना

**रायसेन, देशबन्धु।** उद्यानिकी विभाग की राज्य योजना अंतर्गत जिले के 60 किसानों को आज राज्य के बाहर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु आज जिला मुख्यालय से रवाना किया गया। कृषि स्थायी समिति के सदस्य द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किसानों के दल को रवाना किया गया। किसानों का यह दल 21 अगस्त से 25 अगस्त तक तलेगांव महाराष्ट्र में प्रशिक्षण संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नॉलाजी में ग्रीन हाउस उत्पादन और पुष्प प्रबंधन सब्जियों की उच्च तकनीकी खेती के विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### जनसेवा मित्र द्वारा दिव्यांगों को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

**मुलताई, देशबन्धु।** बैतूल रिसर्च एसोसिएट मनदीप सिंह परिहार के नेतृत्व में विकासखंड प्रभात पट्टन के ग्राम पंचायत चिचण्डा मैं जन सेवा मित्र सुमित बरोदे एवम् साथियों द्वारा दिव्यांग लोगों को वोटर आईडी बनाने और मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सुमित ने प्राथमिक शाला के बीएलओ देवीराम कालभोर के साथ ग्राम के दिव्यांगो को चिन्हित कर उन्हें मतदान के प्रति अपना मत देने को कहा एवं दिव्यांगो को मतदान केंद्र तक पहुंचने की सुविधा का मुआयना किया गया। जिले के हर ग्राम पंचायतों में जन सेवा मित्र द्वारा नवीन मतदाता और 80 वर्ष पार किए गए मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है।

### प्लांट क्लीनिक आयोजित, किसानों को दी समसामयिक सलाह

**बैतूल, देशबन्धु।** खरीफ बुआई के पश्चात किसानों को खरपतवार नियंत्रण के उपाय, कीट एवं रोगों के लक्षण निदान, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह देने, जैविक खाद/उर्वरक का उपयोग, कुटकी फसल की बुआई हेतु तकनीकी जानकारी देने, फसल विविधीकरण की उपयोगिता, कृषकों को एमपी किसान एप पर रजिस्ट्रेशन करवाने एवं पशुपालन विभाग के योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले में क्लस्टर पंचायत स्तर पर प्लांट क्लीनिक आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को बैतूल विकासखंड के ग्राम साकादेही, बारव्ही, भीमपुर विकासखंड के चूनालोहमा, आमला विकासखंड के ग्राम छिपन्या पिपरिया, दीपामंडई और भैंसदेही विकासखंड के ग्राम पलासपानी पंचायतों में प्लांट क्लीनिक आयोजित किए गए। इन प्लांट क्लीनिक में कृषकों को कृषि संबंधित समसामयिक सलाह दी गई। इसके अलावा उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। प्लांट क्लीनिक दलों में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी ने मौजूद रहकर किसानों को उपयोगी सलाह दी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### जन अभियान परिषद की संतो के साथ शाहपुर पहुंची स्नेह यात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा सनातन धर्म से समरसता की ओर अपने कदम बढ़ाने के उद्देश्य से 16 अगस्त से 26 अगस्त तक जिले में स्नेह यात्रा निकाली गई है। सोमवार को यह यात्रा जिले के शाहपुर ब्लॉक के फोफल्या से प्रारंभ हुई। यात्रा बरजोरपुर, कोठा, कुप्पा, हांडीपानी, बाना बहेड़ा, भौंरा, शाहपुर, बरेठा, देशाबाड़ी पहुंची। यात्रा जैसे ही हांडी पानी पहुंची, यात्रा का नेतृत्व कर रहे स्वामी अनुभवानंद जी ने भजनों की प्रस्तुत दी। अंत में सभी के साथ स्वामी जी ने समरसता भोज एवं सभी कलावा बंधन किया। इसके बाद यात्रा का भौंरा एवं शाहपुर में ढोल-बाजे के साथ स्नेह यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्था, छात्र-छात्राएं और गायत्री परिवार भी उपस्थित रहा।

*नगर के बीच से गुजरने वाला मुख्य मार्ग बना मुसीबत*

# हर दिन लगते जाम और दुर्घटनाओं के बाद भी यातायात में नहीं सुधार





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मध्य से गुजरने वाले प्रमुख मार्ग बस स्टैंड से नाका नंबर एक तक की बिगड़ती यातायात व्यवस्था बड़ी समस्या बनती जा रही है। हर दूसरे घंटे लगने वाले जाम और होती दुर्घटनाओं के बावजूद यातायात सुधार के प्रयास नहीं हो पा रहे हैं। इस मार्च से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध है किंतु उसके बावजूद भी इस नियम का पालन नहीं हो पा रहा है। जगह जगह किराना दुकानों के सामने घंटों खड़े रहने वाले मालवाहक वाहन भी हर घंटे जाम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है जिसके चलते यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करते जा रही है।

**भारी वाहनों के आवागमन पर कब लगेगी रोक:** बस स्टैंड से नाका मुख्य मार्ग नगर का सबसे व्यस्ततम क्षेत्र है बीते वर्षों में तत्कालीन एसडीएम सीएल चनाप ने बस स्टैंड से नाका नंबर एक तक मुख्य मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करते हुए नगर पालिका को जगह-जगह इस आदेश संबंधित सूचना पटल लगाए जाने का आदेश दिया थे किंतु नगर पालिका भी औपचारिकता निभाकर मौन हो गई और अब भी इस व्यस्ततम क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है।

**जान जोखिम में डालकर यात्रा के अनोखे नजारे:** नगरीय क्षेत्र में आए दिन होने वाली दुर्घटना के बावजूद सड़कों पर मालवाहक वाहनों से यात्रा करने के अनोखे नजारे दिखाई देते हैं। विशेष तौर से ट्रैक्टर ट्राली एवं मालवाहक वाहनों मे बेतरतीब ढंग से सफर करने के आम नज़ारे दिल दहला देते हैं क्योंकि ट्रैक्टर ट्राली जो कि किसी कार्य के लिए रजिस्टर्ड होती है उसमें ट्राली के अंदर तक तो ठीक है ट्राली के पल्ले को खोलकर उसे पर भी छोटे-छोटे बच्चे बैठे दिखाई देते हैं। और सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि यह ट्रैक्टर ट्रॉली सरेआम नगर के मध्य से बगैर रोक टोक गुजरती है और यह नजारा अब आम होता जा रहा है।

## मृत तेंदुआ मिलने से हड़कंप, डॉग स्क्वाड बुलाया, करेगा छानबीन



**सारनी, देशबन्धु।** पुनर्वास केंम्प चोपना के बादलपुर गांव के समीप तेंदुए का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप है। यह घटना रविवार की बताई जा रही है। तेंदुए के शव का पीएम करवाया जा रहा है। इस बीच शिकार और जहर देकर मारे जाने की आशंका के चलते यहां डॉग स्क्वाड से तलाशी अभियान शुरू किया गया है। जंगल की भी छानबीन की जा रही है। रविवार देर शाम चोपना के पास बादलपुर में एक मृत तेंदुए का शव मिलने की सूचना चोपना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी वन विभाग से साझा की थी। सारनी वन परिक्षेत्र का अमला मौके पर पहुंचा था। जहां जांच के बाद यह निकल कर आया कि यह इलाका वन विकास निगम के रामपुर भतोड़ी प्रोजेक्ट के तहत आता है। यहां कंपार्टमेंट नंबर 341 के पास निरंजन वेद के खेत में तेंदुए का शव पड़ा मिला था। रविवार शाम यहां तेंदुए के शव मिलने के बाद मैदानी अमला मौके पर पहुंचा था। वन विकास निगम का कोई भी वरिष्ठ अधिकारी रात में घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। सोमवार को निगम के संभागीय प्रबंधक महेंद्र सिंह सोलंकी मौके पर पहुंचे हैं।

तेंदूए का शव परीक्षण करने के लिए शाहपुर से पशु चिकित्सा और होशंगाबाद स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के डॉक्टर को बुलाया गया है।बताया जा रहा है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से ही डॉग स्क्वाड की एक टीम भी बुलाई गई है। जो जंगल में तेंदुए की शिकार संबंधी तलाश करेगी।

## नागदेव मंदिर में पूजा, अर्चना कर मनाई नागपंचमी



**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी मुलताई में सोमवार नागपंचमी के अवसर पर धूमधाम से त्यौहार मनाया गया। नेहरू वार्ड स्थित अति प्राचीन पुरातन नागदेव मंदिर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रही। इस प्रसिद्ध मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु आकर पूजा पाठ करते है।

नाग पंचमी के अवसर पर संपूर्ण मुलताई नगर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों और नागदेव मंदिरों में भी भारी भीड़ दिखाई दी। उल्लेखनीय है कि नेहरू वार्ड में सदियों पुराना प्राचीन मंदिर है जहां पर श्रद्धालु भक्त अपनी मन्नते मांगते है, जो पूरी भी होती है। नाग पंचमी के इस अवसर पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी दिखाई दी। मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमें आने-जाने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

## हजारों कावड़ियों ने किया भोलेनाथ का अभिषेक

**▶ पुरुषोत्तम मास और नाग पंचमी का संयोग बनने से छोटा महादेव भोपाली में उमड़ी भीड़**



**सारनी, देशबन्धु।** सावन माह का सातव सोमवार होने की वजह से छोटे महादेव भोपाली में सुबह 4 बजे से जिले के अन्य ग्रामों से हजारों कांवड़ियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया। अभिषेक का सिलसिला देर शाम तक चलते रहा। कांवड़ियों ने बताया कि क्षेत्र में अच्छी फसल एवं सुख समृद्धि के लिए वह निरंतर कई वर्षों से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए आ रहे हैं। सावन माह के सातवे सोमवार पुरुषोत्तम मास एवं नाग पंचमी का दुर्लभ संयोग होने के चलते शिव धाम भोपाली में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ गया। भोपाली स्थित शिवनगरी में बोलबम के नारों से गुंजायमान हो उठा। नाग पंचमी की वजह से छोटा महादेव भोपाली में सुबह से लेकर देर शाम तक लगभग 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोले के दर्शन किए।बताया जाता है कि सातवें सोमवार को छोटा महादेव भोपाली में मेला सा महौल बना रहा। हालांकि यह संपूर्ण क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्रों में आता है इस वजह से मौसम का दबाव यहां पर बरकरा रहा रुक-रुक कर बारिश होते रही लेकिन श्रद्धालुओं के जज्बे में किसी भी तरह का कोई कमी देखने को नहीं मिली। इसके अलावा भोपाली मेले में दूरदर्शी से आने वाली श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इसका ध्यान रानीपुर पुलिस के माध्यम से रखा गया था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। इसकी वजह से किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली श्रद्धालुओं को नहीं उठाना पड़ा है।

**बगडोना से बाबा मठारदेव तलती मंदिर तक निकाली कावड़ यात्रा:** बगडोना के स्वागतद्वार से लेकर तलहटी बाबा मठारदेव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई यह कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया डीजे की धुन पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कावड़ यात्री शामिल हुए कावड़ यात्रियों को अपने कावड़ में ताप्ती का पानी दिया गया और श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव तलहटी मंदिर पर पहुंचकर इस जल से अभिषेक करने का कार्य किया गया। इस बीच कावड़ यात्रा में डीजे की धुन पर बाबा भोले के बारात में शामिल हुए कई लोग बड़े उत्साह के साथ नाचते गाते इस कावड़ यात्रा में शामिल कावड़ यात्रा का बगडोना में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा करके एवं तिलक लगाकर कावड़ियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात शोभापुर बस स्टॉप,गायत्री स्टाफ, काली माई,राजीव चौक तिगडा,गुणवंत मंदिर के बाद जय स्तंभ चौक पर और वहां से तलहती मंदिर जाकर इस कावड़ यात्रा का समापन किया गया।

## भगवान सहस्त्रबाहू की प्रतिमा होगी स्थापित, कलार समाज ने बांटी मिठाई

**बैतूल, देशबन्धु।** हैहय क्षत्रिय कल्युरी कलार समाज बैतूल के सचिव मनोज मालवीय ने बताया कि नगर पालिका परिषद बैतूल की बैठक में कलार समाज के अध्यक्ष तपन मालवीय के आवेदन पत्र पर संपूर्ण परिषद ने गंभीर विचार करते हुए भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा कोठी बाजार जिला जेल गेट के समीप या नगर के अन्य चौराहे के समीप स्थापित किए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। अब यह प्रक्रिया में हैं। कलार समाज का बहुप्रतिक्षित सपना साकार होता देखकर देखकर समाज के सदस्यों ने प्रतिभा स्थल के पास भगवान सहस्त्रबाहु का जयघोष, भारत माता की जय एवं कलार समाज जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आतीशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष केके मालवीय, नगर अध्यक्ष तपन मालवीय, संरक्षक सतीषचन्द्र मालवीय, सचिव मनोज मालवीय, पम्मा विहारे, शैलेन्द्र बिहारे, महेन्द्र आर्य,भवानी मालवीय, प्रकाश मालवीय, दीप मालवीय, राजेश आर्य, मनोज आरएन मालवीय, निमित आर्य, नवनीत मालवीय, रमेश मालवीय, कमलेश मालवीय, राजेश मालवीय, आदित्य मालवीय, निमिषा मालवीय, राहुल राय, गोल्डी सूर्यवंशी, विश्लेष मालवीय, पंकज मालवीय, मातृ शक्ति में बिंदु मालवीय, सुनिता शिवहरे, मोना मालवीय, नीता आर्य, सविता राय, अंजली मालवीय, संध्या जैसवाल, अनामिका मालवीय, रितु मालवीय, संध्या मालवीय, वंदना मालवीय, दीपिका मदरेले, नेहा मदरेले, रश्मि मालवीय, लता आर्य,रेखा शिवहरे, मीना मालवीय, संगीता जैसवाल आदि मौजूद थे।



## पूर्व विधायक दोगने ने निकाली कांवड़ यात्रा

**हरदा, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व विधायक डॉ रामकिशोर दोगने के नेतृत्व में हंडिया के नर्मदा तट से कांवड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। दोगने द्वारा विगत चार वर्षो से क्षेत्र की सुख समृद्धि व विकास हेतु कावड़ यात्रा निकाली जाती रही है। इस वर्ष भी सोमवार को नर्मदा का जल लेकर शाम को अजनाल नदी के तट पर बने प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर में भगवान गुप्तेश्वर का जलाभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## नपा के दैवेभो की समस्याओं को लेकर सभापति ने सौंपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मुलताई के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयो की समस्या को लेकर सोमवार सभापति वंदना साहु ने सीएमओ को ज्ञापन सौपा। जिसमे बताया गया की देवेभों कर्मचारी 10-15 वर्षों से सुचारू रूप से निरंतर कार्य कर रहे हैं।

जिन कर्मचारीयों को 10 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् भी विशेष भत्ता प्रदाय नहीं किया जा रहा है। एवं शासन के आदेशानुसार 10 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात विशेष भत्ता 1500/- रूपये प्रतिमाह प्रदाय किया जाता है। पर इन्हें इस योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्हें विशेष भत्ता एरियर सहित प्रदान किया जाए और योजना का लाभ दिया जाये। विगत 10-15 वर्षो से सुचारू रूप से निरंतर कार्य कर रहे दैनिक वेतन भोगीयों को कार्यकुशलता के आधार पर उच्चकुशल का वेतन दिया जाये, जिससे की उन गरीब मजदुरों को थोड़ी राहत और आर्थिक स्थिति के लिये सहायता प्राप्त हो सके। जिनका वेतन 10 हजार रूपये से कम है, उन्हें आयुष्मान कार्ड और बी.पी.एल राशन कार्ड की पात्रता का लाभ दिलाया जाये एवं साथ ही ड्रेस कोड और आई कार्ड भी मिलना चाहीये। जिन कर्मचारीयों को 10 वर्ष पूर्ण हो चुके है उन्हें बैंक द्वारा ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराये जाये जिससे की उन गरीब मजदुरो को थोडी राहत और इलाज कराने के लिये सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने मांग की है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों की उक्त समस्या का जल्द जल्द निराकरण किया जाये।

*आजादी के बाद शुरू हुआ था नगर में अखाड़ा*

## भुजरिया पर्व पर निकलता है अखाड़ा, शुरू किया अभ्यास




**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के महावीर वार्ड में स्थित 77 वर्ष पुराने बजरंग अखाड़े में सोमवार नाग पंचमी के अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर पहलवानों द्वारा अखाड़े का अभ्यास प्रारंभ किया गया। इसी के साथ अखाड़े में आने वाले नए बालक बालिकाओं का प्रशिक्षण भी शुरू किया गया। जिन्हें भुजरिया पर्व तक लाठी, तलवार, भाला आदि चलाना सिखाया जाएगा। इस अवसर पर साहू समाज के बुजुर्गों ने बताया आजादी की खुशी में नगर में पहली बार अखा?ा निकाला गया था। वर्ष 1947 से प्रारंभ हुए प्राचीन नवयुवक बजरंग अखाड़े की समिति द्वारा सतत 77 वर्ष से नागपंचमी के पावन पर्व पर परंपरा अनुसार विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर साहू समिति के समस्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों में भी शस्त्र पूजन को लेकर भारी उत्साह देखा गया। नगर में रक्षा बंधन के बाद भुजरिया पर्व पर अखा?ा निकाला जाता है। जिसमें अखाड़ के सदस्यों द्वारा शस्त्र प्रदर्शन सहित हैरत अंगेज कारनामे दिखाए जाते हैं। विशेष रूप से अखाड़े में भारी बाइक उठाना, नुकीली कीलों पर लेटकर छाती पर से मोटर सायकल गुजारना, सिर पर टयूब लाईट फोड़ने आदि प्रदर्शन देखने के लिए जगह-जगह नगरवासी एकत्रित होते हैं। यह नगर में लोगों के लिए मुख्य आकर्षण होता है। गगन साहु, ऋषि साहू, गजेंद्र साहु आदि ने बताया की अखाड़ा आत्मरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही हमारी संस्कृति को बचाए रखने के लिए भी बहुत आवश्यक है। जिसके लिए सदस्य लगातार अभ्यास करते हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेश हारफोंडे, प्रकाश साहू, संजु पहलवान, गणेश साहू, गजेन्द्र पलेवार, मुकेश साहू, विक्की साहू, नागेंद्र साहु, श्यामू ढोमने, गीरिश साहु, जतिन साहु, धनराज साहू, दुलीचंद साहु, दुर्गेश डोहरे महेश साहू आदि उपस्थित रहे।

**श्री नवदुर्गा अखाड़े में खिलाड़ियों ने शस्त्र पूजन कर निकाला अखाड़ा3** नागपंचमी के अवसर पर श्री नवदुर्गा अखाड़े के द्वारा भगवान बजरंगबली एवं मां नवदुर्गा का पूजन अर्चन किया गया। अखाड़े के अध्यक्ष राकेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष भुजरिया पर्व पर अखाड़े के द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें लाठी, तलवार, भाला सहित मार्शल आर्ट की विशेष प्रस्तुतियां दी जाती है। परंपरा अनुसार नागपंचमी के अवसर पर अखाड़े में शस्त्रों की पूजा कर प्रदर्शन किया गया।

## सार समाचार

### श्री शिव महापुराण कथा में नवविवाहित जोड़ों को साड़ी वितरण



**इटारसी, देशबन्धु।** परम पूज्य सद्गुरु देव श्री रावतपुरा सरकार आश्रम बुडांरा कलॉ के धीरज सुधाकर गौर द्वारा मिसरौद में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में गुरुदेव सुनील दुबे का स्वागत शाल श्रीफल और माला से किया। इस अवसर पर सभी नवविवाहित जोड़ों का स्वागत साड़ी और टॉवेल से किया। प्रसादी वितरण श्री रावतपुरा सरकार आश्रम द्वारा किया गया। धीरज सुधाकर गौर नर्मदा परिक्रमा वासी, आनंद गौर, अक्षय गौर, वरेण्यम गौर सहित अनेक श्रद्धालु भक्त आरती में शामिल हुए।

### वरिष्ठ नागरिक मंच ने मनाया सदस्यों का जन्मदिन, सेवा कार्य करने पर जोर



**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक मंच ने एक बैठक में संगठन सदस्य का जन्मदिन मनाया। मंच के सदस्य मुरलीमनोहर दीक्षित ने बताया कि पूर्व प्राचार्य अनिरुद्ध शुक्ला, सुधीर गोठी, सुरेंद तोमर एवं विजय मंडलोई का जन्मदिन पर शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रभा ठाकुर, डॉ. ज्ञानेंद्र पांडे ने विचार साझा किए। सुधीर गोठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे अभी मंच से अनुभव ले रहे हैं, गिफ्ट के स्थान पर श्री फल और माला से सम्मान कर काफी राशि बचाकर समाज सेवाकार्य में लगाई जा सकती है। मंडलोई ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि शिक्षा अर्हता एवं शिक्षक का कार्य करने में बड़ा संघर्ष करना पड़ा। एनपी चिमानिया ने बैठक का संचालन एवं सुश्री चंद्र प्रभा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। बैठक में ऊषा चिमानिया, सुषमा परमहंस, कश्मीर सिंह उप्पल, डॉ. विनोद सीरिया, टीआर चौलकर, एनआर अग्रवाल, अशोक सक्सेना, सुनील बाजपेई आदि उपस्थित थे। अंत में मंच के सदस्य मोहन पटेल के बड़े भाई के देवलोक गमन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बारिश का दौर कमजोर, तवा बांध के 2 गेट बंद

*__इटारसी, देशबन्धु।__ बारिश का दौर कुछ कमजोर हुआ है। तेज बारिश के स्थान पर रिमझिम बारिश होने और तवा बांध में पानी की आवक कम होने से बांध के दो गेट बंद कर दिये गये हैं। अब तीन गेट से ही पानी छोड़ा जा रहा है। जिले में भी वर्षा की गतिविधि में कमी आयी है। तवाबांध के कैचमेंट एरिया में बीते चौबीस घंटे में 12 एमएम बारिश हुई, पचमढ़ी में भी 8.6 मिमी वर्षा हुई जबकि बैतूल में 39.9 वर्षा दर्ज की गई। बांध का जलस्तर आज सुबह 1163.40 दर्ज किया। बांध प्रबंधन ने तीन गेट 4 फीट तक खुले रखे हैं, जबकि दो गेट बंद कर दिये हैं। पावर हाउस को 38 सौ क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। तीन गेट से 20505 क्यूसेक पानी तवा नदी में छोड़ा जा रहा है।*

*__जिले में वर्षा__-नर्मदापुरम में 1.1 मिमी, सिवनी मालवा 9 मिमी, इटारसी 4.2, माखननगर 4, सोहागपुर 5, पिपरिया 1 मिमी, बनखेड़ी 2 मिमी, पचमढ़ी 8.6 मिमी और डोलरिया 23.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।*



# गौरव सिंह बुंदेला होंगे इटारसी के थाना प्रभारी

### पुलिस अधीक्षक ने की जिले के रिक्त स्थानों पर पदस्थापना



**इटारसी, देशबन्धु।** केसला में सेवा दे चुके और वर्तमान में सिवनी मालवा थाना में सेवा दे रहे कार्यवाहक निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला इटारसी के नये टीआई होंगे। पुलिस अधीक्षक ने जिले में रिक्त स्थानों पर विभिन्न अधिकारियों की पदस्थापना की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरण सिंह ने कार्यवाहक निरीक्षक सौरभ पांडे को कोतवाली, कार्यवाहक निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी को पिपरिया, निरीक्षक चंद्रकांत पटेल को सोहागपुर, निरीक्षक उषा मरावी को सिवनी मालवा, कार्यवाहक निरीक्षक निशा अहिरवार को अजाक नर्मदापुरम, कार्यवाहक निरीक्षक सतीष कुमार मांझी को यातायात प्रभारी नर्मदापुरम, निरीक्षक रमजू उईके को स्टेशन रोड पिपरिया, सुधाकर बारस्कर को बनखेड़ी, कार्यवाहक निरीक्षक उमाशंकर यादव को थाना प्रभारी पचमढ़ी और कार्यवाहक निरीक्षक हुकुम प्रसाद अहिरवार को प्रभारी कंट्रोल रूम बनाया है।

# सीएम हेल्पलाइन : शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक प्रगति न होने पर तहसीलदार बनखेड़ी को कारण बताओ नोटिस





सीएम हेल्पलाइनः जिले में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित है 2 हजार से ज्यादा शिकायतें

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 18 अगस्त शुक्रवार को देशबन्धु ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित पड़ी शिकायतों को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हमने अपनी खबर में बताया था कि जिले में 50 दिनों से अधिक समय से 2 हजार 400 से ज्यादा शिकायतें लंबित हैं। ज्ञात हो कि देशबन्धु लगातार जनसमस्याओं से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई को प्रमुखता से प्रकाशित करता रहा है। जिसके बाद सोमवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने समय सीमा की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक एक शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर उनका संतुष्टिपूर्वक समाधान कराएं। शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक प्रगति न होने पर तहसीलदार बनखेड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार सोहागपुर, पिपरिया, डोलरिया एवं माखननगर को भी शिकायतों के निराकरण में कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त कर शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी जनसुनवाई एवं समयसीमा के प्रकरणों का भी निराकरण कराएं।

**खबर का असर**

### निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विकास यात्रा एवं विकास पर्व के दौरान भूमिपूजन किए गए विकास कार्यों के निर्माण में गति लाएं। उन्होंने पीआईयू को सीएमराइज स्कूल, तहसील भवन शिवपुर एवं तहसील कार्यालय शहरी नर्मदापुरम के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को मोहासा औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं लोक निर्माण विभाग को बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की भी शीघ्र मरम्मत कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने तवापुल एवं नर्मदा ब्रिज के निर्माण के संबंध में भी समीक्षा कर ब्रिज कॉरपोरेशन को आवश्यक निर्देश दिए।

### जिले के 139 विद्यार्थियों को मिलेगी ई स्कूटी

बैठक में बताया गया कि 23 अगस्त को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा हायर सेकेंडरी परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को ई स्कूटी प्रदान की जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के 139 विद्यार्थियों को ई स्कूटी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर बच्चों को दिए जाने वाले स्कूटी वाहन के रजिस्ट्रेशन, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने 27 अगस्त को आयोजित होने वाले लाडली बहना सम्मेलन की तैयारी की भी समीक्षा कर जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किए जाने के निर्देश दिए।

### हितग्राहियों के ईकेवाईसी शीघ्र पूर्ण कराएं

लाडली बहना योजना के द्वितीय चरण अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन कार्य की समीक्षा कर कलेक्टर ने हितग्राहियों के ईकेवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि योजना के तहत हितग्राहियों की सूची का अंतिम प्रकाशन कराएं। आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के भी विस्तार से समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समयसीमा की बैठक में दिए निर्देश दिए कि मूंग उपार्जन के शेष किसानों को शीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जाए। सभी स्कूलों और छात्रावासों में दंत चिकित्सा शिविर लगाएं जाए। अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जाए। नगर पालिका और पशुपालन विभाग द्वारा निराश्रित मवेशियों पर अंकुश लगाया जाएं। अप्रारंभ गौशालाओं के कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं। सभी पात्र हितग्राहियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाए। जिले में खाद की निरंतर आपूर्ति एवं किसानों को खाद का सुचारू वितरण कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर किया गया व्याख्यान का आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में प्राचार्य, डॉ उमेश कुमार धुर्वे, के निर्देशन में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बाऊ पटेल द्वारा स्वयं का व्यवसाय कैसे करे और कैसे आत्मनिर्भर बनने के बारे में बताया।

सहायक प्राध्यापक रजनीश जाटव द्वारा उद्यमिता को एक वैकल्पिक करियर चुनौती के रूप में कैसे ले और भारत के लिए उद्यमिता का महत्व, स्टार्टअप आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ राकेश निरापुरे द्वारा की रोजगार का मतलब नौकरी नहीं है बल्कि अपने खुद के कारोबार, प्रोफेशन के जरिए वो न सिर्फ बेहतर करियर बना सकते है बल्कि ज्यादा पैसे भी कमा सकते है। डॉ मनीष दीक्षित द्वारा बताया गया की उद्योग क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है साथ ही देश का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ रीमा नागवंशी एवं आभार मनोज कुमार प्रजापति द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### कृषि कार्य के दौरान ट्रैक्टर पलटने से मृत्यु होने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** खेत में कृषि कार्य करने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से मृत्यु होने पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा मृतक के वारिसान को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम ने बताया है कि ग्राम माछा स्थित खेत में स्थानीय निवासी मिथलेश गोस्वामी द्वारा कृषि कार्य के दौरान ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबने के कारण मृत्यु हो गई थी, मृतक के वारिस उनकी पत्नी श्रीमती वर्षा भारती को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### श्रद्धा भक्ति के साथ मना नागपंचमी का पर्व, मंदिरों में हुई पूजा

**इटारसी/नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नागपंचमी का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में जाकर नागदेवता की पूजा अर्चना की। आज श्रावण सोमवार होने से भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या पहुंची। नागपंचमी पर पिछले वर्षों की अपेक्षा नाग लेकर घूमने वाले सपेरे कम ही दिखे।

नर्मदापुरम में चौरे गली स्थित नाग चंद्रेश्वर मंदिर के पट वर्ष में एक खुले और इस दौरान भक्तों ने दर्शन लाभ लिए। शिव मंदिरों में भी जाकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की तो श्री बूढ़ी माता मंदिर स्थित नाग मंदिर में भी भक्तों ने जाकर दर्शन, पूजन-अर्चन किया। नागपंचमी के मौके पर त्योहार की परंपरा अनुसार नई गरीबी लाइन में छोटे-छोटे पहलवानों के बीच कुश्ती का आयोजन किया।

# पुरानी पेंशन स्कीम की वापसी को लेकर रेलकर्मियों ने भरी हुंकार



**इटारसी, देशबन्धु।** आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव के आह्वान पर न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में डीजल शेड नयायार्ड से वाहन रैली निकाली गई। रैली नयायार्ड मुख्य मार्ग से होती हुई शहर के शहीद स्तंभ जयस्तंभ चौक पर आकर सभा में परिवर्तित हुई जहां कर्मचारी नेताओं ने एनपीएस के खिलाफ नारेबाजी की और अपने विचार व्यक्त किये।

रैली में मंडल के अध्यक्ष टीके गौतम, सचिव फिलिप ओमन, आरके यादव, जावेद खान, मनीष भगत, मनोज रैकवार, तरुण, प्रीतम तिवारी, प्रदीप मालवीय, उमेश निगम, नितेश देवड़ा, सुरेश धूरिया, सज्जन यादव, सरताज, पवन, मुबारक अली, दीपक साल्वे, अभिमन्यु सिंह, दीपक कुमार, तोशिव, खान, अंकुश, आनंद भूषण, सोहित, दुष्यंत, वकील सिंह, आकाश यादव, मुनव्वर, सुनील मलिक, महेश लिंगायत, जयंत, अरुण, अक्षय, कादर खान, ललित रघुवंशी, सोनू वर्मा, संतोष, पंकज, देवेंद्र, दीपा मेहरा आदि शामिल हुए। सभा की का संचालन आकाश यादव ने किया। अपने वक्तव्य में आरके यादव, जावेद खान, मनोज रैकवार युवा महामंत्री प्रीतम तिवारी, तरुण शुक्ला ने भारत सरकार के खिलाफ आह्वान किया कि ओल्ड पेंशन स्कीम जो देगा वही देश पर राज करेगा। यह हमारा हक है, जो सरकार द्वारा 2004 के पश्चात भर्ती हुए रेलवे कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष आरके यादव एवं मनोज रैकवार ने बताया कि 10 अगस्त को दिल्ली में संसद घेराव में 34 संगठनों के भारत देश के कर्मचारियों ने भाग लिया था। आगामी आंदोलन हड़ताल का होगा, यदि सरकार नहीं मानी तो जल्द ही रेलवे कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर होंगे जिसकी पूरी जवाबदारी रेल प्रशासन की होगी। जस्तम्भ चौक पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश चंदेले भी शामिल हुए।

### एमजीएम कालेज में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने की। व्याख्यान शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी के वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. हर्षा शर्मा तथा मधुमक्खी पालन के उद्यमी मृत्युंजय रॉय ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मेहता ने उद्यमिता दिवस पालन करने के उद्देश्य को समझाते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों में स्वरोजगार के प्रति आकर्षण पैदा करना, आत्मनिर्भर भारत में इसके महत्व का एहसास कराना एवं स्टार्टअप का निर्माण करना बताया।

उन्होंने इंफोसिस कम्पनी के अध्यक्ष नारायण मूर्ति के संघर्षमय उद्यमी जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. हर्षा शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि उद्यमी बनने के लिए किताबी ज्ञान से बाहर आकर अपने वातावरण एवं साथियों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। एक सफल उद्यमी में ज्ञान के साथ-साथ सामर्थ्य, कुशलता, परिश्रम आवश्यक है। मधुमक्खी पालन उद्यमी मृत्युंजय रॉय ने मधुमक्खी पालन पर वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन कर जीविकोपार्जन करने की विधि पावरपॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से बतायी।

संचालन डॉ. पीके अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. रश्मि तिवारी, सह प्राध्यापक डॉ. अर्चना शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जेपी चौरे, सहायक प्राध्यापक सुरेश गुप्ता, डॉ. एकता मालोनिया, ओएस यादव, श्रीमती भारती चौधरी, श्रीमती मोनिका साहू, डॉ. बस्सा सत्यानारायण, डॉ. दिनेश कुमार, अमित चौरे, कार्तिकेय पटेल, प्रो. डॉ. एम.व्ही. कनकराज, डॉ. व्हीके. कृष्णा, प्रो. सूसन मनोहर, डॉ. संतोष अहिरवार, डॉ. आशुतोष मालवीय, श्रीमती मीरा यादव, डॉ. दुर्गेश लसगरिया एवं बड़ी संख्या में स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भीम के रूप में शंकर ने किया था त्रिपुरासुर का वध



**इटारसी, देशबन्धु।** कलयुग में कामी और धर्मी है तो आस्तिक और नास्तिक भी। पूरे ब्रम्हाण में भारत भूमि ही ऐसी पवित्र माता है जिसमें 33 करोड़ देवी देवता वास करते है। सभी सुख शांति देने वाले है। इन सभी में भगवान शिव का अपना अलग स्थान है। कलयुग में भी आस्था और धर्म के प्रति भटकाव न हो इस हेतु भगवान के लिंग स्वरूप में 12 ज्योर्तिलिंग देष के अलग अलग राज्यों में है।

उक्त विचार अपने प्रवचन के दौरान आयोजन के मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सावन मास में शिवजी हंसमुख प्रवृत्ति के रहते है गुस्सा कम और स्नेह के भाव ज्यादा रहने से वे भक्तों पर निरंतर कृपा करते है। पं. विनोद दुबे ने भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग की कथा सुनाते हुए कहा कि महाराष्ट्र के पूणे जिले के राजगुरू नगर (खेड़) तहसील से धोड़ेगांव के आगे सहयाद्रि पर्वत माला में भीमाशंकर की पहाड़िया है इसी पर्वत श्रृंखला में भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग का वास है। यहां पर आने के पहले श्रद्धालु चंद्रभागा नदी में स्नान करके ही ज्योर्तिलिंग के दर्शन करते आते है। यहां के बारे में कहावत है कि यहां के वन पहले शाकिनी और डाकिन के नाम से कुख्यात थे। इतना ही नहीं ज्योर्तिलिंग के दर्षन करने पहले शेर भी आते थे। भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग की कथा से त्रिपुरासुर राक्षस के वध की कथा भी जुड़ी हुई है। प्राचीन काल में त्रिपुरासुर नाम का राक्षस बड़ा उनमत हो गया था। स्वर्ग, धरती और पाताल में उसने भारी उत्पाद मचा रखा था सभी देवगण व्याकुल हो चुके थे तब भगवान महोदव त्रिपुरासुर का वध करने स्वंय निकले उन्होंने विशाल भीमाकाय शरीर धारण किया उनका रूद्रावतार देखकर त्रिपुरासुर भयभीत हो गया दोनों में कई दिनों तक युद्ध चलता रहा। जब त्रिपुरासुर ने भगवान शंकर को समाप्त करने का मन में विचार किया तो शंकर ने भीम का विशाल रूप धारण किया और त्रिपुरासुर का वध किया इस कारण भी इस स्थान को भीमाशंकर कहते है। भीमाशंकर का मंदिर हेमाडपंथी पद्धति से बांधा गया है। मंदिर को दषावतार की मूर्तियों से सजाया गया है। 1721 ईसवी का 5 टन वजनी घंटा भी मंदिर के आकर्षण का केंद्र है। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में भीमाशंकर ज्योर्तिलिंग की पूजा और अभिषेक यजमान देवेन्द्र /गीता पटेल, आनन्द स्वाति पटेल, राहुल नागईच ने किया। अभिषेक पं. सत्येंद्र पांडेय व पं. पीयूष पांडेय करा रहे हैं।

### चलित वाहन में गायकों के भजनों ने शिव भक्ति की अलख जगाई

# कुबेश्वर धाम की कावड़ यात्रा में मां के बेटे जागरण समिति ने दी भजनों की प्रस्तुति

**इटारसी, देशबन्धु।** श्रावण के पवित्र माह में श्री विठ्ठलेश सेवा समिति एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा जी (सीहोर वाले) के सानिध्य में भव्य कांवढ़ यात्रा का आयोजन किया गया। कुबरेश्वर धाम में आए लाखों शिव भक्तों की मौजूदगी में पं. मिश्रा एवं शिवभक्त मंडल द्वारा सीवन नदी से कुबरेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा निकाली गई।

इस कावड़ यात्रा में नर्मदांचल के दिव्यांग भजन गायक कलाकार मां के बेटे जागरण समिति के संचालक आलोक शुक्ला एवं साथी गायक कलाकारों को भी अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देने का अवसर मिला। कावड़ यात्रा में शामिल एक चलित वाहन में मां के बेटे जागरण समिति को आमंत्रित किया गया था। शुक्ला ने बताया कि आयोजन में शामिल देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 10 लाख श्रद्धालुओं की मौजूदगी में शिव भजनों की प्रस्तुति का अवसर मिला। शिव भजनों पर कांवढ़ यात्रियों ने जमकर नृत्य कर पूरे माहौल को शिवमय कर दिया, इससे पूर्व गुरुपूर्णिमा के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का वाचन भी कुबरेश्वर धाम में मां के बेटे जागरण समिति ने किया था।



इस आयोजन में गायक कलाकार पं.आलोक शुक्ला, वीणा ठाकुर, हिना सिंह (छत्तीसगढ़), पवन शुक्ला, वीरेन्द्र सिंह, शुभम अवस्थी, राधे सोलंकी, बाबू भाई, विजय देव्हारे, सूरज पचलानिया, शैलेन्द्र डोंगरे, अंकित सरनेकर ने अपनी प्रस्तुति दी।

**शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालु** - शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन को लेकर एक सप्ताह से तैयारियां की जा रही थीं, सुबह 6 बजे सीहोर जिले की सीवन नदी का पवित्र जल लेकर श्रद्धालुओं ने कुबरेश्वर धाम के लिए प्रस्थान किया। लाखों श्रद्धालुओं ने अपने कांधे पर कांवढ़ रखकर कुबरेश्वर धाम यात्रा कर यहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जगह-जगह कांवढ़ यात्रा का स्वागत किया। शिव भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### मुख्यमंत्री और केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ने नए एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

# दतिया में 19 सीटर विमान उतरेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में 29 करोड़ 30 लाख की लागत से नवीन एयरपोर्ट का शिलान्यास कर दतिया के बसई में महाविद्यालय खोलने, नगर पंचायत बनाने के साथ-साथ ग्राम खिरिया फैजुल्ला का नाम खिरिया सरकार करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की घोषणा की। अध्यक्षता केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसी सिलावट, लोक निर्माण राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी श्री सुरेश धाकड़, बाँस बोर्ड के अध्यक्ष श्री घनश्याम पिरौनिया, विधायक भाण्ड़ेर श्रीमती रक्षा संतराम सिरौनिया और सुरेन्द्र बुद्यौलिया आदि मंचासीन थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक विकास दतिया में हुआ। इसके पीछे गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र की अथक मेहनत एवं परिश्राम के साथ माँ पीताम्बरा की कृपा रही है। बहनों के खाते में प्रति माह 1 हजार रूपये की राशि पहुँच रही है, जो धीरे-धीरे बढ़ा कर प्रतिमाह 3 हजार की जायेगी। यह राशि नही है बल्कि बहिनों के मान सम्मान देने के साथ उनका हक दिया है। बहनें अब पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नही फैलाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत माँ पीताम्बरा की धरा दतिया से ही की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनयरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बेटा-बेटियों की फीस अब सरकार भरेगी। इसी 22 अगस्त से युवाओं को रोजगार देने के साथ स्टाईपेंड देने हेतु मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की जा रही है, जिसमें आईटीआई एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवाओं को 8 से 10 हजार रूपये का स्टाईपेंड दिया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज का दिन दतिया जिले के लिए ऐतिहासिक है। दतिया में नवीन एयरपोर्ट के बन जाने पर 19 सीटर विमान उतरने की सुविधा प्राप्त होगी। एयरपोर्ट से खजुराहो एवं भोपाल के लिए हवाई सेवाएँ भी शुरू की जायेगी। ग्वालियर का नवीन एयरपोर्ट भी 15 माह में तैयार होगा।

श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्रों में भी विमानों की सेवाएँ देना शुरू कर दिया है। श्रीनगर-जम्मू में भी नये एयरपोर्ट की सुविधा मिलेगी। दतिया में माँ पीताम्बरा पीठ प्राचीनकाल से ही शक्तिपीठ का केन्द्र रहा है। उनकी दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ट्रस्ट की अध्यक्ष रहने के साथ यहाँ आकर रात-दिन पूजा करती थी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दतिया के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। हम मुख्यमंत्री के आभारी है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से दतिया में गौरव दिवस एवं माँ पीताम्बरा का प्रकटोत्सव मनाने की नई परंपरा भी शुरू की गई। सांसद श्रीमती संध्या राय ने स्वागत भाषण दिया। एयरपोर्ट ऑफ इंडिया के चेयरमेन संजीव कुमार, पूर्व विधायक प्रदीप अग्रवाल, डॉ. आशाराम अहिरवार और मदन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा धीरू दांगी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति बृजेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति प्रशांत ढेंगुला सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सिख समाज के प्रतिनिधियों ने की कमलनाथ से मुलाकात, मांगे चुनाव में टिकट



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के प्रमुख सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से भेंट कर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने सिख समाज से कांग्रेस के निष्ठावान लोगों के लिए टिकट की मांग भी रखी। सिख समाज का यह प्रतिनिधि मंडल मनजीत सिंह सैनी, सच सलूजा के नेतृत्व में कमलनाथ से मिला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही इस देश को सिख राष्ट्रपति, सिख प्रधानमंत्री, सिख सेना अध्यक्ष, सिख केंद्रीय मंत्री के साथ कई देश के कई सर्वोच पदों पर नवाजा, मान-सम्मान दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि आज जरूरत है कि सिख समाज से कांग्रेस की राजनीति करने वाले समर्पित, योग्य लोगों को विधानसभा में टिकट दी जाए। पूरा समाज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए मेहनत करेगा। प्रतिनिधि मंडल में भोपाल ऑब्ज़र्वर सुभाष चोपड़ा, नवनीत अरोड़ा, तेजकुलपाल सिंह पल्ली, परमवीर सिंह वज़ीर, डॉ. गुलाटी, प्रताप गुर, शैली कीर, लाल्ली सलुजा, हरजीत सिंह मंगू, भोपाल गुरुद्वारा साहेब के अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या सिख समाजजन उपस्थित थे। कमलनाथ ने उनकी मागों को लेकर आश्वस्त किया।

# सेवादल का प्रतिनिधि सम्मेलन 24 को कमलनाथ, दिग्विजय होंगे शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी और ब्लाक अध्यक्ष तथा विधानसभा प्रभारी (नायक) का सम्मेलन सह कार्यशाला 24 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम होगा, वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मौजूद रहेंगे। सम्मेलन की अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई करेंगे।

सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष योगेश यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवादल के 6 माह पूर्व हुई सेवादल की बैठक में यह संकल्प लिया गया था कि सेवादल को गति प्रदान करने के लिए ब्लाक स्तर तक गठन किया जाएगा, यह कार्य पूरा कर लिया गया है। कांग्रेस सेवादल के संभागीय और जिला प्रभारियों ने ब्लाक स्तर तक नियमित दौरा करके कार्य को संपन्न किया है।

उन्होंने बताया कि सेवादल द्वारा ग्वालियर-चम्बल क्षेत्र में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर गए लोगों को वापस लाने के लिए "आ अब घर लौट चले" अभियान चलाया गया था, जिसे खासी सफलता मिली। श्री यादव ने बताया कि कांग्रेस सेवादल जमीनी स्तर पर पहुंचने का कार्य कर रही है। श्री यादव ने बताया कि विगत 6 माह में सेवादल की ओर से तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एवं एक-एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। सितम्बर माह में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस सेवादल की ओर से एक दिवसीय विशेष चुनावी कार्यशाला का आयोजन भी किया जाना प्रस्तावित है।

### पारदर्शी कर प्रशासन, व्यावसायियों को मिली सुविधाओं से मिला परिणाम

# जीएसटी राजस्व में 26 और पंजीयन राजस्व में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में पारदर्शी कर प्रशासन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा करदाताओं और व्यावसायियों को दी गई सुविधाओं के चलते जीएसटी, आबकारी, पंजीयन और वाणिज्यिक कर राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। मध्यप्रदेश जीएसटी रिटर्न फाईलिंग में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। पिछले साल जुलाई माह तक जीएसटी राजस्व प्राप्ति 8,311 करोड़ रूपये थी जो इस साल रूपये 10,945 करोड़ हो गई है जो 26 प्रतिशत ज्यादा है, जबकि लक्ष्य जुलाई तक 10,339 करोड़ के राजस्व का है। इसी प्रकार पिछले साल आबकारी राजस्व प्राप्ति जुलाई तक रूपये 4,643 करोड़ थी जो इस साल बढ़कर रूपये 4,655 करोड़ हो गई है।

पंजीयन राजस्व में पिछले साल के मुकाबले 15.75त्न की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल यह रूपये 2732 करोड़ था जो कि इसी अवधि में रूपये 3162 करोड़ हो गया है। लक्ष्य रूपये 3085 करोड़ प्राप्ति का है। वाणिज्यिक कर राजस्व पिछले साल जुलाई तक रूपये 21,571 करोड़ था जो इस साल रूपये 23,789 करोड़ हो गया है यानी 10.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह जुलाई तक कुल 551 प्रकरणों में प्रवर्तन की कार्यवाही की जाकर 133 करोड़ रूपये जमा कराये गये हैं। ऑडिट हेतु आवंटित 863 प्रकरणों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अभी तक 10.20 करोड़ रूपये जमा कराये गये। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में प्रवर्तन की कार्यवाही से 37.20 करोड़ रू जमा कराये गये। पिछले साल बकाया राशि 4895.16 करोड़ थी। इसमें से कुल संस्थापन 1871.46 करोड़ रूपये हुआ। इसी अवधि में रू 1011.12 करोड़ की राशि वसूल की गई, जिसमें से नकद वसूली रू 261.53 करोड़ एवं अन्य वसूली रू 749.59 करोड़ की हुई। इस साल मार्च तक शेष बकाया राशि रू 5755.49 है जिसकी वसूली की कार्रवाई चल रही है। साफ एवं पारदर्शी कर प्रशासन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवर्तन, ऑडिट, पंजीयन, सत्यापन संबंधी नोटिस जीएसटी पोर्टल से आनलाइन जारी किये जा रहे हैं। करदाताओं की समस्याओं का भी अविलम्ब निराकरण किया जा रहा है। जीएसटी संबंधी विभिन्न प्रावधान विशेषकर नवीन पंजीयन, स्क्रूटनी, ऑडिट, वाहनों की जांच के लिए गुणवत्ता नियंत्रण के उद्देश्य से स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किए गए हैं। प्रदेश के करदाताओं को जीएसटी संबंधी प्रावधानों की जानकारी एवं समस्या का समाधान व्हाट्सअप आधारित चैट बोट, वेलकम किट एवं हेल्पडेस्क आधारित सुविधा के माध्यम से किया जा रहा है। जीएसटी काउंसिल के निर्णय तथा नवीन अधिसूचनाओं की जानकारी उन्हें दी जाती है। साथ ही समय-समय पर औदयोगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, कर सलाहकार संघों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के साथ चर्चा की जाती है।

## बिज़नेस में पंजीयन का अनुमोदन आसान

इज ऑफ डूईंग बिज़नेस के तहत मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 995 तथा मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने, प्रस्तुत आवेदन का निराकरण एक कार्य दिवस में नहीं होने पर एक कार्य दिवस की समाप्ति के पश्चात ऑटो अप्रूवल के आधार पर पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी करने का प्रावधान किया गया है। वेट अधिनियम में 10 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले व्यावसायियों को फॉर्म 4-ए में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने का प्रावधान समाप्त कर आयकर अधिनियम के तहत प्रस्तुत की जाने वाली ऑडिट रिपोर्ट को ही मान्यता दी गई है। इससे उन्हें राहत मिली है।

मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002, मोटर स्पिरिट सेस एक्ट, 2018 एवं हाई स्पीड डीज़ल सेस एक्ट, 2018 के अंतर्गत आपराधिक अभियोग का प्रावधान विलोपित कर दिया गया है। मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पेट्रोल एवं डीज़ल व्यावसायियों को त्रैमासिक विवरणी के स्थान पर सालाना विवरणी जमा करने का प्रावधान लागू किया गया है।

## ईडब्यूएस के लिए स्टाम्प शुल्क से छूट

भू-संपदा नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत परियोजनाओं में निजी विकासकर्ताओं दूवारा ईडब्यूएस के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्रों पर स्टाम्प शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही भू-सम्पदा आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसी तिथि से प्रभावी अन्य अधिसूचना द्वारा कॉलोनी के विकास के एवज में भूखण्ड बंधक रखे जाने पर देय स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत से घटा कर 0.125 प्रतिशत किया गया है। व्यापार को सरल बनाने के दृष्टिगत विकास अनुबंध में अनुसरण में विकासकर्ता के शेयर के संबंध में विकासकर्ता को विक्रय का अधिकार देने वाले मुख्तारनामे पर देय स्टाम्प शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर 1000 रूपये किया गया है।

पिछले 15 वर्षों के भौतिक रूप से पंजीबद्ध दस्तावेज़ के डिजिटाइजेशन का काम जारी है। इससे आम-जन को पुराने दस्तावेज की प्रमाणित प्रतियां आसानी से मिल जायेंगी। विभागीय एप्लीकेशन सम्पदा में दस्तावेज के पंजीकरण को और ज्यादा पारदर्शी बनाया जा रहा है। आम-जन को नई तकनीक के माध्यम से फेसलेस ई-स्टाम्पिंग और ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलेगी।

### मतदाता सूची से मिले आंकड़े

# एक हजार में से मात्र 18 को नसीब हो रही 80 की उम्र

**• कैलाश सनोलिया**

**नागदा, देशबन्धु।** उज्जैन जिले की मतदाता सूची से एक दिलचस्प आंकड़ा निकलकर सामने आया है, जिसके मुताबिक एक हजार मतदाताओं में से मात्र 18 बुजुर्ग 80 पार उम्र तक पहुंच रहे हैं। हालांकि यह तथ्य उज्जैन जिले तक सीमित है, लेकिन एक यह बानगी और भविष्य के संकेत हैं ।

आगामी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत में इजाफा करने के लिए 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदातों के लिए उनकी इच्छा अनुसार घर बैठे मतदान कराने की सुविधा का निर्णय लिया है। हालांकि इस प्रकार की सुविधा के लिए एक निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की भरने की प्रक्रिया से गुजरकर बुजुर्गों को सहमति देना होगी। यह सुविधा दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी उपलब्ध रहेगी। आकड़ों पर गौर करें तो पाएंगे कि जिले में 2 अगस्त 2023 की स्थिति में 15 लाख एक हजार 85 मतदाता पंजीबद्ध है। जिसमें पुरूष 7 लाख 62 हजार 89 हैं। वहीं महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 38 हजार 927 है, जबकि 69 जेंडर मतदाता है। इसी प्रकार से जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9964 है। उज्जैन जिले की मतदाता सूची में कुल 7 विधानसभा क्षेत्र, उज्जैन दक्षिण, उज्जैन उत्तर, नागदा-खाचरौद, महिदपुर, तराना, बड़नगर एवं घटिया शामिल है। अधिकृत रूप से जारी इन आंकड़ों में उज्जैन जिले में 80 उम्र पार के मतदाता की संख्या 27 हजार 524 आंकी गई है। यहां वर्तमान वोटरों की कुल संख्या 15, 01, 085 से 80 पार बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या को प्रतिशत में आंका जाए तो यह आंकड़ा 1. 81( एक दशमलव आठ एक) फीसदी है। इसका दायरा एक हजार में लिया जाए तो एक हजार मतदाताओं में महज 18 बुजुर्ग 80 वर्ष की उम्र पार करने का सौभाग्य प्राप्त कर पा रहे हैं।

### महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन संभागीय बैठकों में होंगी शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानती श्रीनिवासन 23 अगस्त से दो दिवसीय संगठनात्मक भोपाल प्रवास पर रहेगी। श्रीमती श्रीनिवासन 24 अगस्त को भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग की प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करेंगी। श्रीमती नारोलिया ने बताया कि बैठक में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी व सांसद श्रीमती दर्शना सिंह, पार्टी की प्रदेश महामंत्री, सांसद व मोर्चा प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, चुनाव की दृष्टि से प्रदेश प्रभारी श्रीमती साल्वी सलाका, सह प्रभारी श्रीमती योगिनी देशपाण्डे एवं श्रीमती रेखा गुप्ता उपस्थित रहेंगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**शिक्षकों पर भावी पीढ़ी को....** सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया साथ ही प्रत्येक संभाग के एक जिले के एक-एक प्रतिभागी को बधाई पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया तथा प्रज्जवलित कर और कन्या-पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 'हम शिक्षक हैं, हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे...' गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग मंत्री सुश्री मीना सिंह और स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार मौजूद थे।

**शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता....** देना आपका दायित्व है। यह दायित्व सही तरीके से निर्वहन करने के लिए आवश्यक है कि आप का आचरण और व्यवहार ठीक हो। महात्मा गांधी के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हम बच्चों से जैसे व्यवहार की अपेक्षा है वैसा आचार- व्यवहार पहले हमें अपनाना होगा। कथनी और करनी में समानता होने से ही विद्यार्थी और उनके माता-पिता आपका अनुसरण करेंगे।

**ठोस आधार के बिना नहीं....** एक अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों की ओर से दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही जस्टिस संजीव खन्ना और एसवी एन भट्टी की पीठ ने मेहता के अनुरोध पर कार्यवाही स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत से राज्य सरकार को आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की।

बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने दलील दी कि आदेश में कुछ भी दर्ज नहीं किया जाना चाहिए और राज्य पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, मामले को आगे की दलीलें सुनने के लिए आज सूचीबद्ध किया गया था। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल मेहता की ओर से केंद्र का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगने के बाद, मामले की आगे की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की।

### लोस अध्यक्ष ने उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के सम्मेलन का किया उदघाट्न, कहा-

# जनविश्वास बनाए रखें जनप्रतिनिधि

**सभी स्पीकरों से निष्पक्षता के साथ सदन की कार्यवाही चलाने का किया आह्वान**

उदयपुर, देशबन्धु। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडल, चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए, जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें। बिरला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जन प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए।

सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि विधायी कामकाज में जन-केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण और शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े तथा विधायी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों पर लोगों का विश्वास और अधिक गहरा और मजबूत हो।



बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो। बिरला ने कहा कि जब कोई सदस्य पीठासीन अधिकारी के पद पर आसीन होता है, तो उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पीठासीन अधिकारी इस सर्वोच्च पद की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे। बिरला ने आगे कहा कि विधानमंडल राजनीतिक पक्षपात से ऊपर उठकर सभी मुद्दों पर बहस और चर्चा के लिए हैं।

## हरिवंश ने की सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना

राज्यसभा के उप सभापति, हरिवंश ने सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश के विधानमंडलों के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों पर पीठासीन अधिकारियों की चर्चा के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है । उन्होंने यह भी कहा कि इस मंच पर नवीन विचारों और अनुभवों को साझा करने से सुशासन बढ़ेगा।

## सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक : गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईटी की परिकल्पना हमारे नेताओं द्वारा की गई थी जिन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपनाए जाने के लिए मिशन मोड पर काम किया था। गहलोत ने आगे कहा कि विधान सभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी ने पिछले पांच वर्षों में सीपीए को मजबूत किया है और उनके प्रयासों से विधानमंडल की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मेलन में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में जन प्रतिनिधियों के कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। गहलोत ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी से बदलाव आ रहे हैं।

सम्मेलन के विषय पर बात करते हुए हरिवंश ने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित विकास के इस युग में यह अपरिहार्य है कि बेहतर शासन मानकों के लिए और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल इंटरवेंशन जीवन का अभिन्न अंग बनें। सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्रांतिकारी प्रभाव के संदर्भ में, हरिवंश ने कहा कि शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिली है, बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि जनकल्याणकारी लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचें जो उनके हकदार हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार नागरिकों को प्रभावी सेवाएं प्रदान करती है, तो शासन में उनका विश्वास बढ़ता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। स्वागत भाषण देते हुए राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने इस बात का उल्लेख किया कि राजस्थान ने संसदीय लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं की स्थापना में अग्रणी योगदान दिया है। डॉ.जोशी ने देश भर में संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अनवरत प्रयास करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को धन्यवाद दिया। उन्होंने सीपीए के लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लेख भी किया जिसमें लोगों के लाभ के लिए लोकतंत्र, सुशासन और विधि के शासन को बढ़ावा देना शामिल है। डिजिटल क्रांति और सुशासन में इसकी भूमिका के बारे में विचार व्यक्त करते हुए, डॉ.जोशी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से लोगों को लाभान्वित करने में विधानमंडल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका को लोगों की प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय लोकतंत्र भारत की ताकत है और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता के कारण हमारा देश आगे बढ़ता रहेगा।

### उदयपुर सम्मेलन में मप्र विधानसभा अध्यक्ष ने कहा-

# जनता का विश्वास बनाए रखने समन्वित प्रयासों की जरूरत



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने सदन और उनके जनप्रतिनिधियों को मौजूदा समय में जनता का विश्वास अर्जित करने की जरूरत बताई और कहा कि जनता का विश्वास सदन और जनप्रतिनिधि पर बना रहे इसके लिए सारगर्भित प्रयासों की आवश्यकता है। सदनों के प्रति जनता का विश्वास कम न हो इसके लिए सरकार, विपक्ष और विधानसभा को मिलकर समन्वित सहयोग के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वे आज उदयपुर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंग्लैंड की भारत क्षेत्र इकाई द्वारा आयोजित 2 दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों पर सदनों के चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी है।

विधानसभाओं के संचालन और उसकी घटती कार्यावधि को लेकर भी श्री गौतम ने चिंता जाहिर की, उन्होंने कहा कि इससे जनप्रतिनिधि न तो स्वयं राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे सकते हैं और न ही जनता की उम्मीदों पर खरे उतर सकते हैं।

संसदीय व्यवस्था के मद्देनजर बेहतर प्रयासों के लिए सभी संसदीय संस्थाओं के समन्वित पोर्टल निर्माण की आवश्यकता भी उन्होंने बताई। श्री गौतम ने कहा कि इससे सारे लोकतांत्रिक सदन एक दूसरे से जुड़ जाएंगे और इससे उनको शंकाओं का समाधान करने में भी मदद मिलेगी। संगोष्ठी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सीपीए के हेडक्वार्टर के इआल लिडेल, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी और राजस्थान सीपीए के संजय लोढ़ा सहित मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।